हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026

तापमान
अधिकतम 40.8 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


12 10 ऐसे स्पॉट जहां हर दिन ट्रैफिक जाम, मंत्री...


13 इनडोर स्टेडियम और मांगलिक भवन बनाएंगे...



### खराब रिजल्ट के लिए निजी स्कूलों के परिणाम की भी रही है भागीदारी

# शिक्षा विभाग को निजी स्कूलों का ठेंगा, 183 स्कूलों में से केवल 19 ने भेजा बोर्ड रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

### बोर्ड के परिणाम में दुर्ग जिला प्रदेश में 31 वें और 29 वें स्थान पर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का गृह जिला दुर्ग में दसवी-बारहवीं बोर्ड के खराब नतीजों को लेकर मंथन चल रहा है। बोर्ड के परिणाम में दुर्ग जिले प्रदेश में 31 वें और 29 वें स्थान पर है। जिले में पिछले साल की अपेक्षा दसवीं में 8.41 प्रतिशत और बारहवीं में 5.05 प्रतिशत की कमी आई है। बारहवीं में वर्ष 2025 में 82.96 प्रतिशत रिजल्ट थो जो इस साल 77.90 प्रतिशत रहा। दसवीं में वर्ष 2025 में 71.53 प्रतिशत था और इस साल 63.12 प्रतिशत आया। दोनों की बोर्ड कक्षाओं के रिजल्ट में दुर्ग जिले के 183 निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल रहे हैं। सरकारी और निजी स्कूलों के संयुक्त रिजल्ट में परीक्षा परिणाम काफी पीछे चला गया है। लेकिन अकेले सरकारी स्कूलों के परिणाम में रिजल्ट पिछले साल से बेहतर है। जिला शिक्षा विभाग इस परिणाम की समीक्षा करने के लिए जिले के 183 निजी स्कूलों को दसवी-बारहवीं बोर्ड के परिणाम का ब्योरा मांगा है। हाल यह है कि 20 दिन से ज्यादा हो गए केवल 19 निजी स्कूलों ने ही रिजल्ट की जानकारी भेजा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निजी स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों की कितनी सुनते हैं ।

#### अपनों पर सितम, गैरों पर रहम

बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट को लेकर जिला शिक्षा विभाग की कार्यशैली अपनों पर सितम, गैरों पर रहम वाली जैसी चल रही है। दसवी-बारहवीं बोर्ड के नतीजे की समीक्षा करने के बाद कमजोर रिजल्ट वाले सरकारी स्कूलों के संस्था प्रमुखों और शिक्षकों को नोटिस जारी किया। लेकिन उन निजी स्कूलों को बख्श दिया है जिनकी वजह से जिले का रिजल्ट खराब हुआ। हैरत की बात यह है कि निजी स्कूल अपने रिजल्ट की जानकारी नहीं दे रहे हैं। उसके बावजूद कोई हल-चल नहीं है।



#### पिछले तीन साल से आ रही है नतीजे में गिरावट

| वर्ष | बारहवीं | दसवीं |
|---|---|---|
| 2024 | 83.40 प्रतिशत | 76.85 प्रतिशत |
| 2025 | 82.96 प्रतिशत | 71.53 प्रतिशत |
| 2026 | 77.91 प्रतिशत | 63.12 प्रतिशत |

#### निजी स्कूल रिजल्ट भेजें

बारहवीं-दसवीं बोर्ड के नतीजे सीजी बोर्ड ने संयुक्त रूप से जारी किया है। जिले के कमजोर रिजल्ट में निजी स्कूलों का खराब प्रदर्शन भी शामिल है। इसलिए रिजल्ट की जानकारी हमने निजी स्कूलों से मंगवाई है लेकिन वे नहीं दे रहे हैं। रिमाइंडर जारी करने के निर्देश दिए हैं।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

#### दसवीं-बारहवीं बोर्ड के नतीजे को लेकर दुर्ग संभाग के अफसरों का दोहरा रवैया

1. बालोद जिले में दसवी बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट पर न केवल सरकारी बल्कि 11 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया गया। इन स्कूलों को साफ चेतावनी भी दी गई कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर स्कूल के मान्यता संबंधित अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिसके लिए वें स्वयं की जिम्मेदार होंगे। आदेश की प्रतिलिपि लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक को भेजी गई।

2. बालोद जिले में दसवी-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की समीक्षा के बाद सरकारी स्कूलों के संस्था प्रमुखों को नोटिस जारी हुआ। जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी। कलेक्टर ने 8 प्राचार्यों को निलंबित किया और 14 की वेतनवृद्धि रोकने की कड़ी कार्रवाई की। हालांकि मामले में शिक्षक संगठनों का विरोध और न्यायालय जाने के बाद यह कार्रवाई वापस हो गई।

3. दुर्ग जिला शिक्षा विभाग ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस भेजा। नोटिस के बाद जवाब संतोषजनक नहीं पाया है लेकिन कार्रवाई शून्य है। जिला शिक्षा विभाग ने रिजल्ट सुधारने के नाम पर जो रोडमैप आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयार की है वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा ही है। प्राचार्यों को क्लास लेने , शिक्षकों की डेली डायरी बनाना, हर 15 दिनों में मानिटरिंग , मासिक टेस्ट जैसे निर्णय दुर्ग जिले को प्रदेश में अव्वल जिले लाने के नाम पर राज्य के उच्च अधिकारी यहां कई मर्तबा बैठक कर इसके निर्देश दिए थे।

## ठगी : भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों की राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की राशि में धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- धमधा थाना क्षेत्र की घटना
- जनपद पंचायत स्तर पर लॉगिन

धमधा पुलिस ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा ने जनपद पंचायत पाटन ने पुलिस में शिकायत की थी। जिसमें दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलने वाली शासकीय प्रोत्साहन राशि अन्य बैंक खातों में हस्तांतरित हुआ है। पुलिस ने दस्तावेजों का परीक्षण पर थाना धमधा के 44 हितग्राहियों की राशि 4.50 लाख रुपये, पाटन से 63 हितग्राहियों का 12.60 लाख अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर होना पाया गया।

जांच में बैंक दस्तावेज, तकनीकी साक्ष्य, ऑनलाइन पोर्टल का जानकारी का विश्लेषण किया। जिसमें पाया गया कि आरोपियों द्वारा योजना से जुड़े खातों में सुधार के लिए लॉगिन आईडी, पासवर्ड का दुरुपयोग कर हितग्राहियों के वास्तविक बैंक खातों के स्थान पर अपने नियंत्रण वाले बैंक खातों का विवरण दर्ज किया गया था। इस दौरान पुलिस ने दुर्ग निवासी दीपक कुमार यादव, ग्राम अकोला वार्ड 36 कुम्हारी लिलेश्वर यादव उर्फ रवि को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा प्राप्त राशि को एटीएम, मोबाइल बैंकिंग माध्यमों से संचालित किया जा रहा था। शिकायत एवं जांच शुरु होने की खबर से आरोपियों ने कुछ राशि पुनः वापस लौटा दिया था। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बैंक दस्तावेज जब्त किया है। कुल 17 लाख 10 हजार रुपए की राशि से अधिक का फर्जीवाड़ा किया गया है। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

### बारिश के बाद भी पारा दो दिन से 41 के आसपास, ऐसा ही रहेगा मौसम

**भिलाई।** चिलचिलाती धूप के बीच अंधड़ और बारिश के कारण चिपचिपी गर्मी और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। बुधवार को पूरे दिन तेज धूप खिली रही। दिन का तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। वहीं शाम होते-होते बादल छाए, तेज हवा चली, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसकी वजह से उसम भरी गर्मी बरकरार रही। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 5 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। मानसून का इंतजार है। इधर 25 मई से 2 जून तक नवतपा है। इस दौरान ज्यादा गर्मी के साथ अंधड़ और बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ कमजोर है। अभी कोई वेदर सिस्टम नहीं आ रहा है। स्थानीय प्रभाव से अवश्य हल्की बारिश हो सकती है। मध्य भारत के ऊपर विशाल चक्रवात बना हुआ है, जो दिल्ली-एनसीआर, यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात तक फैला है। इससे हीटवेव चलेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि पश्चिमी विक्षोभ या मानसून प्रणाली इसे स्थानांतरित कर दे, तो स्थितियां सुधर सकती हैं। गर्मी को लेकर मौसम विभाग के अधिकारियों की मानें तो वास्तविक तापमान और फील टेंपरेचर में हर शहर में औसत 2 से 4 डिग्री तक का अंतर है। इतना ही नहीं टाउनशिप और पटरीपार के तापमान 3 डिग्री तक का अंतर है। यानी पेड़ों की वजह से टाउनशिप में तापमान अन्य जगहों पर दर्ज रिकॉर्ड से कम है।

### कुम्हली में धान का शार्टेज, समिति प्रबंधक सहित अन्य पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति एवं धान उपार्जन केन्द्र कुम्हली के समिति प्रबंधक संबंधित समिति प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी एवं अन्य दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस केंद्र में धान में कमी पाई गई थी। खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की आकस्मिक जांच के दौरान यह मामला सामने आया था।

जांच में भौतिक सत्यापन में कुल 690.70 क्विटल धान तथा कुल 3057 नग बारदाना कम प्राप्त हुआ। जिसे धान उपार्जन केन्द्र कुम्हली के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा गंभीर अनियमितता पाई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादि दुर्ग एवं विपणन संघ के मध्य निष्पादित त्रिपक्षीय अनुबंध की कण्डिका 12 (8) के अनुसार समिति स्तर पर दोषी पाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को पहुंचाया हॉस्पिटल, बची जान

**भिलाई।** दुर्ग यातायात पुलिस ने सुपेला से जुनवानी तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर मरीज को मात्र 7 मिनट में अस्पताल पहुंचाया। बीएम शाह हॉस्पिटल सुपेला में भर्ती 38 वर्षीय सलीम अली को बेहतर इलाज के लिए शंकराचार्य हॉस्पिटल, जुनवानी रेफर किया गया था। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस टीम ने मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की और एम्बुलेंस को बिना बाधा सुरक्षित तरीके से आगे निकाला। पुलिस के अनुसार ग्रीन कॉरिडोर का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में उपचार तक पहुंचने का समय घटाना और जीवन रक्षण सुनिश्चित करना है। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहनों को तुरंत रास्ता दें और साइड देकर प्राथमिकता सुनिश्चित करें।

### मकान का ताला तोड़कर सामान पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर इलेक्ट्रानिक्स सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर ईस्ट एकता कालोनी चरोदा निवासी चुनेश्वर प्रसाद साहू टाटा मोटर्स में वैरेंटी मैनेजर के पद पर टाटीबंध रायपुर में पदस्थ है। खाना खाकर काम पर निकल गया था। पत्नी मकान में ताला जड़कर बच्चो के साथ मायके जेवरा सिरसा गई थी। 19 मई की सुबह परिवार समेत घर पहुंचा। चोरी हुए सामानों की कीमत 41 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

### गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देवार पारा मछली मार्केट, खुर्सीपार निवासी सन्नी यादव उर्फ देवार को पकड़ा गया। उसके पास से 10 किलो 710 ग्राम गांजा, नगदी 1,480 रुपये, बाइक जब्त किया गया। आईटीआई के पास सन्नी गांजा बेच रहा था। उसे घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ करने पर बेचना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।












## खबर संक्षेप

### सरकार महंगाई का बोझ बढ़ा रही : बाकलीवाल



दुर्ग। पेट्रोल-डीजल के दाम में एक बार फिर बढ़ोत्तरी की गई है। इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार काबिज है, तब से देश और देशवासी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसका सीधा उदाहरण महंगाई बेरोजगारी मायूस किसान हैं। जैसे ही पांच राज्यों का चुनाव खत्म हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिए दो राज्यों में भाजपा की सरकार बनी जनता से लूट की शुरुआत हो गई। पिछले 5 दिन में दूसरी बार पेट्रोल डीजल के दाम में भारी बढ़ोतरी की गई है। 5 दिन पहले 3 और अब 90 पैसे बढ़ोतरी की गई। मार्च से अब तक 6 रुपए बड़ा कर डीजल में 4 रुपए बढ़ाकर देश पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया गया। डीजल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्टिंग महंगी हुई तो खाने पीने की वस्तुएं आम जन की जरूरत की वस्तुएं और महंगी हो गई। इस वजह से लोग शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। देश कृषि प्रधान है, लेकिन महंगाई ने किसानों के भी कमर तोड़ दिए हैं। किसान खाद न मिलने के कारण बहुत परेशान हैं। ट्रिपल इंजन सरकार जनता को राहत नहीं देती है, तो देश की जनता आने वाले समय में इनको करारा जवाब देगी।

### कौही, अहिवारा और उतई में समाधान शिविर कल

दुर्ग। जिले में संचालित सुशासन तिहार-2026 अभियान के तहत 21 मई को जिले के विभिन्न नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों के अंतर्गत नगर पालिक परिषद अहिवारा के वार्ड क्र. 12 स्थित मंगल भवन में शिविर आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्र. 9, 10, 11 एवं 12 के लोग शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।

# सहकारी संस्था के जरिए बिल्डिंग बनाने वालों को देनी होगी सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सहकारी संस्थाओं के आयुक्त महादेव कावरे ने शासन द्वारा जारी नए उपबंधों से जुड़ी जानकारी के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने नई गाइडलाइन से अवगत कराया। आवासीय सहकारी संस्थाओं एवं कॉलोनियों के बेहतर रख-रखाव, पारदर्शी संचालन तथा सदस्यों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त सहकारिता महादेव कावरे ने आवासीय सहकारी समितियों के लिए नई आदर्श उपविधियां जारी भी की। प्रदेश में संचालित अनेक आवासीय सहकारी संस्थाओं एवं कॉलोनियों में मेंटेनेंस राशि की नियमित प्राप्ति नहीं होने के कारण रख-रखाव संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। कई मामलों में बिल्डरों द्वारा भी अपनी अविक्रयित इकाइयों की मेंटेनेंस राशि जमा नहीं किए जाने से सहकारी संस्थाओं एवं बिल्डरों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। इन समस्याओं के निराकरण तथा संस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए नई उपविधियां लागू की गई हैं।

## सहकारी संस्थाओं के आयुक्त महादेव कावरे ने बैठक लेकर दी नए उपबंधों की जानकारी

### सभी सदस्यों के लिए मेंटेनेंस राशि का भुगतान अनिवार्य

नई गाइडलाइन के मुताबिक बिल्डर द्वारा सहकारी संस्था गठन के समय कॉलोनी एवं प्रकोष्ठ भवनों में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में वचन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी सदस्यों के लिए मेंटेनेंस राशि का भुगतान अनिवार्य किया गया है, ताकि कॉलोनी के रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। बिल्डर अपनी इकाइयों के विक्रय से पूर्व संस्था के समस्त देय शुल्कों का भुगतान करने के पश्चात ही अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। सहकारी संस्थाओं के कार्य संचालन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई एवं निराकरण हेतु बोर्ड को आवश्यक अधिकार प्रदान किए गए हैं।




### मिले बेहतर सुविधा



नई आदर्श उपविधियों से आवासीय सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ेगी, साथ ही सदस्यों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इससे संस्थाओं एवं बिल्डरों के बीच उत्पन्न होने वाले विवादों में भी कमी आएगी तथा कॉलोनियों का रख-रखाव अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

**-महादेव कावरे**, आयुक्त सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन

## मिनीमाता, जेल, पटेल और अग्रसेन चौक का होगा सौंदर्यीकरण, कार्य योजना बनाने के निर्देश

# 10 ऐसे स्पॉट जहां हर दिन ट्रैफिक जाम, मंत्री, कलेक्टर एसएसपी व्यवस्था सुधारने के लिए उतरे सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ट्रैफिक जाम दुर्ग शहर की इन दिनों सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। लगातार शिकायतों के बाद भी इस समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। शहर में 10 से ज्यादा ऐसे स्पॉट हैं, जहां हर दिन ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। इसे लेकर बुधवार को मंत्री गजेंद्र यादव सड़क पर उतरे। उन्होंने शहर के अलग-अलग हिस्सों का निरीक्षण किया। अधिकारियों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य इस दौरान मौजूद थे। शहर को आधुनिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था विकसित करने के लिए गजेंद्र ने अधिकारियों को निर्देशित किया। सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुए इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मंत्री गजेंद्र ने जमीनी हकीकत का जायजा लिया। मुख्य रूप से पटेल चौक, अग्रसेन चौक, होटल मान चौक तथा रेलवे स्टेशन क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ पटेल चौक से स्टेशन रोड, शिक्षक नगर होते हुए इंदिरा मार्ग रोड जैसे अत्यधिक व्यस्त रहने वाले मार्गों का पैदल भ्रमण किया और वर्तमान ट्रैफिक व्यवस्था की बारीकियों को समझा। गजेन्द्र यादव ने पटेल चौक, मिनीमाता चौक, जेल तिराहा चौक और अग्रसेन चौक के सौंदर्यीकरण की गोलाई को तय मानक के अनुसार विकसित करने तथा वहाँ संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया।

## पटेल चौक से स्टेशन रोड, शिक्षक नगर होते हुए इंदिरा मार्ग का किया निरीक्षण



### शहर में हर दिन ट्रैफिक जाम, लोग हो रहे परेशान

बता दें कि शहर में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या बन चुका है। शाम के समय इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड से मोती काम्प्लेक्स की तरफ जाने वाली सड़क में दोनो तरफ कार की पार्किंग होती है, जिससे लोगों को चलने के वह सड़क मात्र 10 फ़ीट चौड़ी बच जाती है, जिससे रोज तुरंत जाम लग जाती है। इसके लिए न तो यातायात विभाग और न ही निगम प्रशासन कोई सुध लेने वाला नहीं है।शहर में ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम बेकरी के पास सिंधी कॉलोनी मार्ग, मिनी स्टेडियम, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट कुआं चौक, लुचकी तालाब के पास, तकिया पारा, महाराज चौक, जेल रोड सहित अन्य जगह शामिल हैं। इसके अलावा इंदिरा मार्केट में वकील काम्प्लेक्स के आसपास बरामदे में अतिक्रमण, व्यावसायिक काम्प्लेक्स एवं अनेकों ऐसे भवन के आसपास अवैध पार्किंग के कारण भी जाम के हालात बन रहे हैं।



### होटल मान के आसपास होगा चौड़ीकरण

मंत्री ने मिनीमाता चौक से ठगड़ा बांध जेल तिराहा मार्ग को रोशनी से सराबोर करने के लिए लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने होटल मान के सामने स्थित चौक के चौड़ीकरण हेतु नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कदम उठाने को कहा, साथ ही होटल मान चौक से हरनाबांधा मुक्तिधाम मार्ग में नई स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए नगर निगम दुर्ग एवं लोक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से निर्देशित किया। गजेन्द्र यादव ने कहा कि शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को प्रभावी बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य, एसडीओ एस. साहू तथा उप अभियंता राकेश वर्मा सहित जिला प्रशासन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दवा विक्रेताओं के बंद का जिले में रहा मिलाजुला असर




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट एंड ड्रग के आव्हान पर बुधवार को दवा विक्रेताओं के बंद का मिलाजुला असर रहा। संगठन से जुड़े विक्रेताओं ने रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कुछ जगहों पर दुकानें खुली रही। ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानें पूरी तरह खुली नजर आएं। शहर में असर देखने को मिला। बंद केंद्र सरकार द्वारा जारी जीएसआर 220(ई) एवं जीएसआर 817(ई) के विरोध में तथा बड़े कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे असामान्य छूट, शोषणकारी मूल्य निर्धारण एवं अनियंत्रित ऑनलाइन दवा व्यापार के खिलाफ किया गया। सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि 140 करोड़ की जनसंख्या में लगभग 65 करोड़ युवा शामिल हैं। ऐसे समय में ऑनलाइन मंचों एवं ई-वाणिज्य माध्यमों पर नशीले पदार्थों, मनःप्रभावी औषधियों तथा प्रतिबंधित दवाओं की आसान उपलब्धता देश की युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। चरस, गांजा, कोकीन, हेरोइन एवं अन्य मादक पदार्थ ऑनलाइन माध्यमों से उपलब्ध हो रहे हैं, जबकि इनके नियंत्रण एवं निगरानी की प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती। दवा विक्रेता वर्षों से ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ जनता के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहे हैं। आंदोलन केवल केमिस्टों के हितों का नहीं, बल्कि देश की जनता के स्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य एवं दवा व्यवस्था की पारदर्शिता की रक्षा का है।




# सेलूद बाजार में घूम-घूमकर कांग्रेस ने बताया महंगाई का असर

## व्यापारियों से चर्चा कर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ किया जनजागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तीसरे दिन सेलूद बाजार क्षेत्र में कांग्रेसजनों ने अनोखे एवं प्रतीकात्मक तरीके से प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाजार में घूम-घूमकर आम लोगों, व्यापारियों एवं ग्राहकों से संवाद कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया।कांग्रेस नेताओं ने व्यापारियों से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों, बढ़ते टैक्स एवं लगातार मूल्य वृद्धि के कारण आज बाजार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल,



दाल, चावल सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों से आम जनता की खरीद क्षमता कमजोर हुई है, जिसका सीधा असर व्यापार पर भी दिखाई दे रहा है।जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बाजारों में जाकर जनता और व्यापारियों को यह बताने का कार्य कर रही है कि भाजपा सरकार की नीतियों ने आम आदमी की रसोई से लेकर व्यापार तक को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि आज व्यापारी वर्ग भी महंगाई से परेशान है, क्योंकि लगातार बढ़ती कीमतों के कारण बाजार में ग्राहकी कम हो रही है और छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं।

श्री ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से ताली और थाली बजाने की अपील की थी, तब देश की जनता ने एकजुट होकर उनका साथ दिया। लेकिन आज जब जनता महंगाई से त्रस्त है, तब केंद्र सरकार लोगों की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है। कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की वास्तविकता उजागर कर रही है।प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन साहू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन सेलूद सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष खिलेश बबलू मारकंडे ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाजार में घूम-घूमकर व्यापारियों एवं आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को जनसमर्थन देने की अपील की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी जनता की आवाज को लगातार उठाती रहेगी और चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला सहकारी बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन साहू, मंडल अध्यक्ष खिलेश बबलू मारकंडे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पाटन विधानसभा विपिन चंद्राकर, युवा कांग्रेस महासचिव अमृत राजपूत,नरेश श्रीवास, हेमंत साहू, दिलीप बंछोर, कौशल साहू, देवनारायण ठाकुर, देवला साहू, इंद्राणी वर्मा, खोइलन बारले, राजेन्द्र कुमार, रोहित चंद्राकर, हितेंद्र जीतू पटेल, सोमन वर्मा, संजय यादव, देवेश खेवार, बुधारू साहू, अजय सिंह राजपूत, दिनेन्द्र जांगड़े, राजू लाल, प्रेम लाल साहू, पुष्पा वर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चेतना साहू ने बढ़ाया करगाडीह का मान



**उतई।** शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल उतई की छात्रा चेतना साहू ने कक्षा दसवीं में 92.5 % लेकर अपने क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चेतना साहू ग्राम करगाडीह की निवासी है उनके पिता रामेश्वर साहू कारपेंटर व दादा संतुराम साहू सामान्य कृषक है। चेतना साहू आगे बायोलॉजी विषय लेकर पढ़ाई करेगी तथा भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में जाना चाहती है। पूर्व सरपंच घनश्याम गजपाल ने चेतना साहू को उनके घर में जाकर बधाई दिया तथा ऑक्सफ़ोर्ड की डिक्शनरी उपहार में दिया।

### धीवर समाज भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**कुम्हारी।** स्थानीय धीवर समाज के भवन का भूमिपूजन वार्ड क्र.05 गौरव पथ के समीप पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया। इस मौके पर लोक निर्माण प्रभारी डिकेश पटेल, पीआईसी सदस्य अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, वार्ड पार्षद विकास सोनकर, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, समाज के सियान सुखीत धीवर, शिव धीवर, कमलेश धीवर, युवा अध्यक्ष थानेश्वर धीवर (बिल्ला) और राकेश धीवर सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि जल्द ही भवन निर्माण पूर्ण होगा जिससे सामाजिक कार्य करने में समाज को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

### निधन

### ए डेनिएल राज



**भिलाई।** मैत्री विहार सुपेला निवासी ए डेनिएल राज का निधन 20 मई को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 22 मई को उनके निवास स्थान से सुबह 10 बजे ग्रेव्यार्ड नेहरू नगर के लिए निकाली जाएगी।


### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मैं, कंचन देवी आहूजा पति सुनील आहूजा, निवासी बी-224, स्ट्रीट नंबर-06, स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, तह. एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490020 ने अपना पुराना नाम कंचन आहूजा में परिवर्तन कर लिया है।

अतः भविष्य में मुझे कंचन आहूजा पति सुनील आहूजा के नाम से, सभी शासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मान्यता प्रदान की जाए।

**कंचन आहूजा**
बी-224, स्ट्रीट नंबर-06,
स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर,
भिलाई, तह. एवं जिला-दुर्ग
छत्तीसगढ़-490020

### राजस्व मामले में व्यक्तिगत नोटिस

समक्ष न्यायालय अपर कलेक्टर (धमधा/पाटन)
जिला दुर्ग (छ०ग०)
मामले का विषय राजस्व अपील
प्रकरण ऑन लाईन रजि० नं०:
202512103100002/5/ब-121, सन् 2025-2026
पंजीयन दिनांक-15.12.2025

श्री रामसहाय उर्फ रामसाय पिता बेदराम साहू निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तह. पाटन जिला दुर्ग एवं अन्य 01........अपीलार्थी /विरुद्ध/ दिनेश कुमार आ. जेठूराम साहू निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा, तहसील पाटन जिला दुर्ग एवं अन्य 06.......अनावेदकगण दावा -श्रीमती बेला बाई आ. जेठूराम निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तह. पाटन जिला दुर्ग. (ग्राम तेलीगुण्डरा प०ह०नं० 38 स्थित भूमि ख.नं. 1769, 1978, 1980, 1982 रकबा 2.570, 3.260, 0.940, 0.200 है.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री रामसहाय उर्फ रामसाय आ. बेदराम साहू निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तहसील पाटन जिला दुर्ग एवं अन्य 01 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202404100600002/ब-121 वर्ष 2023-24 पक्षकार रामसहाय उर्फ रामसाय विरुद्ध दिनेश कुमार एवं अन्य मौजा तेलीगुण्डरा तहसील पाटन में पारित आदेश दिनांक 30/07/2025 से व्यथित होकर इस न्यायालय में छ०ग०भू०रा०सं० 1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील अपने अधिवक्ता श्री अशोक कुमार बंजारे के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त अपील प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 5 श्रीमती बेला बाई आ. जेठूराम निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तहसील पाटन जिला दुर्ग की उपस्थिति बाबत् नोटिस पूर्व में प्रेषित किया गया था किंतु तामील प्रतिवेदन अनुसार उक्त अनावेदिका बेला बाई संबंधित ग्राम/पते पर निवासरत नहीं होने तथा उसके निवासरत के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने से अपीलार्थी द्वारा नोटिस का प्रकाशन सर्वविदित दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है, यदि उक्त अपील प्रकरण में कोई उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो आगामी पेशी तिथि 03/06/2026 के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के अंतराल में कोई दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज तारीख 18/05/2026 को जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
(धमधा/पाटन) जिला-दुर्ग


# जामुल पालिका अध्यक्ष ने किया बजट पेश, 20 वार्डों में होगा विकास कार्य

# इनडोर स्टेडियम और मांगलिक भवन बनाएंगे, सुधरेगी प्रकाश व्यवस्था भी

## विकास के लिए 74.75 करोड़ 43 हजार व्यय होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/जामुल



नगर पालिका परिषद जामुल में बुधवार को अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया। इस दौरान 26 विकास कार्यो की चर्चा कर पार्षदों ने जामुल के विकास में अपना योगदान दिया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्षिक बजट 2026-27 सीट को पढ़ते हुए बताया कि राजस्व आय के अंतर्गत संपत्ति कर समेकित कर जलकर सीवरेज कर निर्यात कर से प्राप्त राशि 4.55 करोड़ 79 हजार, मुद्रांक शुल्क बार लाइसेंस उत्पाद 46 लाख 45 हजार, चुंगी क्षतिपूर्ति 44 लाख 87 हजार, नगर पालिका की परिसंपत्ति के किराए से आय 35 लाख 31 हजार, भवन अनुज्ञा उपयोगकर्ता शुल्क 40 लाख 79 हजार, राजस्व अनुदान, प्रधान मंत्री आवास योजना से 1. 71 करोड़ 84 हजार, ब्याज अन्य कर से 26 लाख 6 हजार मिले है। इसमें कुल राशि 8 करोड़ 21 लाख 11 हजार राजस्व आय का प्रावधान किया गया है। पूंजीगत आय के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों के लिए केंद्र, राज्य शासन से राशि 65 करोड़ 12 लाख 98 हजार, अन्य देयताएं, जमा राशियां 1 करोड़ 51 लाख 69 हजार रुपए है। इसमें 66 करोड़ 64 लाख 67 हजार पूंजीगत आय का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित राशि 74 करोड़ 75 लाख 43 हजार रुपये के व्यय का प्रावधान रखा गया है। इस लाभ के बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, सीएमओ रमाकांत साहू पार्षदगण सबीहा खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू के राजू, चुम्मन वर्मा, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन समेत पालिका अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

### मुक्तिधाम उन्नयन और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई विकास कार्य होंगे

राजस्व व्यय के अंतर्गत वेतन भत्ता जीपीएफ ईपीएफ, ईएसआईसी परिश्रमिक मानदेय मेडिकल भत्ता कुल स्थापना व्यय 5 करोड़ 77 लाख 44 हजार, प्रशासनिक व्यय 4 लाख 53 हजार, विद्युत इंधन रख रखाव आदि पर 2 करोड़ 11 लाख 69 हजार, अन्य व्यय 22.89 लाख का है। कुल राशि 8 करोड़ 16 लाख 55 हजार राजस्व व्यय का प्रावधान है। तालाब सौन्दर्यीकरण, पुष्प वाटिका, खेल का मैदान, सर्व समाज मांगलिक भवन, समुदायिक भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सिटी ब्यूटीफिकेशन, उच्च स्तरीय जलागार, हाई मास्ट लाइट चार्जिंग स्टेशन, लाइब्रेरी टेनिस कोर्ट, स्टेडियम उन्नयन एसीसी रोड, नाली, कबड्डी बैडमिंटन बास्केट बॉल इत्यादि खेलो के प्रोत्साहन के लिए इनडोर स्टेडियम, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था,15 वे वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि से विभिन्न कर्यो के लिए राशि 66 करोड़ 58 लाख 88 हजार पूंजीगत व्यय का प्रावधान रखा गया है। वितीय वर्ष 2026-27 के अंत में राशि 10 लाख 36 हजार से अधिक होने का अनुमान है।

# जमीन को लेकर एक करोड़ की धोखाधड़ी का लगाया आरोप, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन बिक्री के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का मामला सामने आया है। अंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक भानपुरी निवासी 64 वर्षीय किसान शिवकुमार ने जमीन बिक्री में 1 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए एसएसपी को लिखित शिकायत की है। एसएसपी ने इस ठगी के मामले को लेकर अंडा पुलिस के पास भेजा है।

■ एसपी से शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस

किसान का आरोप है कि क्रेता और दलालों ने फर्जी तरीके से बयाना कराकर पूरी रकम नहीं दी। शिकायत के मुताबिक शिवकुमार की भानपुरी में खसरा 766, रकबा 0.5500 हेक्टेयर कृषि भूमि थी। इसका सौदा उमरपोटी निवासी दिलेश्वर साहू से 1.20 करोड़ रुपये में तय हुआ था। दलाल के रूप में उतई मोनू, सुखदेव मरकाम, अंजोरा सुरेश शामिल थे। पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि बयाना के तौर पर 1 लाख रुपये नकद और बाद में ऑनलाइन 20 लाख रुपये मिले। कुल 21 लाख रुपये प्राप्त हुआ। तय हुआ था कि बयाना के दिन 50-50 लाख की दो किस्तों में बचा 1 करोड़ रुपये खाते में आएंगे।

### 1.2 करोड़ में हुआ था सौदा बैनामा में सिर्फ 20 लाख

आरोप है कि 19 मार्च 2026 को बैनामा कराते समय जमीन की कीमत केवल 20 लाख रुपये दर्ज कराई गई। जबकि सौदा 1.20 करोड़ में हुआ था। शिवकुमार का कहना है कि वह कम पढ़े-लिखे हैं। क्रेता और दलालों ने शाम तक बाकी रकम खाते में आने का भरोसा दिलाया। जिसके झांसे में आकर उन्होंने हस्ताक्षर कर दिया। आज तक शेष 1 करोड़ रुपये नहीं मिले। शिवकुमार ने एसएसपी दुर्ग से धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई और शेष रकम 1 करोड़ रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

### आई है शिकायत, जांच जारी है

भानपुरी के शिव कुमार का जमीन से जुड़े मामले की शिकायत आई है। पुलिस जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें पुलिस उसी आधार पर कार्रवाई करेगी।
**परसराम ठाकुर**, प्रभारी थाना अंडा

## दसवीं की छात्रा नूपुर ने किया विद्यालय में टॉप



**उतई।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल उतई की छात्रा नूपुर साहू ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नूपुर साहू नगर पंचायत उतई की रहने वाली है। उनके पिता गिरीश साहू नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव है तथा माता तेश्वरी साहू शिक्षिका है। नूपुर साहू ने आगे बताया कि वह बायोलॉजी लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है। इस उपलब्धि पर नगर साहू समाज के अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष खूबीराम साहू, सुनीति साहू, सचिव गिरीश साहू, सहसचिव कुशल साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, द्वारिका साहू, भावेश साहू, विजय लक्ष्मी साहू, प्रभा साहू, डिकेन्द्र हिरवानी, रोहित साहू, तोषण साहू ने नूपुर साहू के निवास जाकर बधाई दी।

## पावर हाउस चौक से निगम ने हटाया अवैध कब्जा

**भिलाई।** शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव एवं सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई ने बुधवार को पावर हाउस चौक क्षेत्र पर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यहां पर अवैध रूप से सड़क किनारे लगाए गए ठेला, खुमचा एवं अस्थायी अतिक्रमणों पर बेदखली कार्यवाही की गई। निगम की बेदखली टीम ने मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों पर यातायात बाधित करने वाले अवैध कब्जों को हटाकर मार्ग को व्यवस्थित कराया। कार्यवाही के दौरान निगम अधिकारियों ने ठेला संचालकों एवं दुकानदारों को समझाइश देते हुए सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से ठेला एवं गुमटी लगाए जाने से यातायात प्रभावित होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। नगर निगम की टीम ने पावर हाउस चौक क्षेत्र में कई स्थानों से अतिक्रमण हटाते हुए मार्ग को सुगम बनाया।

### यामिनी की सफलता पर दी बधाई



**उतई।** डुंडेरा निवासी उदयकरण साहू व लक्ष्मी साहू की सुपुत्री यामिनी साहू ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर परिवार, ग्राम एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने यामिनी साहू के निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

## बिजनेस साइट

### 34वीं वर्षगांठ पर सहेली अलंकरण का मेगा ऑफर




**भिलाई।** ज्वेलरी शोरूम सहेली अलंकरण ने अपनी 34वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। 20 से 22 मई तक चलने वाले इस विशेष सेलिब्रेशन ऑफर में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग व लेबर चार्ज में विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का लाभ और हर खरीदारी पर मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी ग्राहकों को मिलेगी। भिलाई के ज्वेलरी बाजार में इन दिनों खरीदारी का माहौल गर्म है। शहर के प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड सहेली अलंकरण ने अपनी स्थापना के 34 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ग्राहकों के लिए मेगा ऑफर्स पेश किए हैं। सीमित अवधि के लिए शुरू की गई इस विशेष स्कीम में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को कई आकर्षक लाभ दिए जा रहे हैं। 21 और 22 मई तक ग्राहकों को मेकिंग चार्ज पर 8 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। सहेली अलंकरण ने ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का विशेष लाभ देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा डायमंड ज्वेलरी के लेबर चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। संस्थान की ओर से हर ज्वेलरी खरीद पर आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के माध्यम से मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ऑफर भिलाई स्थित आकाश गंगा, सुपेला और जवाहर मार्केट, पावर हाउस शाखाओं में उपलब्ध रहेगा।

### महंगाई के दौर में वरदान बनकर उभर रहा है सोलर पैनल




**भिलाई।** बढ़ती महंगाई और बिजली के भारी बिलों से परेशान आम जनता के लिए स्थायी समाधान है सोलर सिस्टम। आरची सोलर के संचालक रजनीशकांतजी ने बताया कि सूर्य की असीम ऊर्जा आपके घर, खेत और व्यापार को रोशन करने वाली है। ऊर्जा के क्षेत्र में हो रही भारी बढ़ोतरी और बिजली बिल के बढ़ते खर्च के बीच, अब सौर ऊर्जा एक वरदान बनकर उभर रही है। आरची सोलर कंपनी, शॉप नंबर - 3, मढंरिया काम्प्लेक्स मुक्तनगर, पद्मनाभपुर दुर्ग में स्थित है। कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सोलर पैनल लगाने का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। भारत सरकार भी इस दिशा में पूरा सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवासीय छतों पर सोलर पैनल लगवाने के लिए भारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों की ओर से भी अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। सोलर प्लांट लगवाने पर आपको बेहतरीन मेंटेनेंस पैकेज और आसान फाइनेंसिंग (लोन) सुविधा भी देने जा रही है। सोलर प्लेट्स लगाने के बाद अगले 25 वर्षों तक आपकी बिजली की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इतना ही नहीं, जो अतिरिक्त बिजली आप बनाएंगे, उसे ग्रिड के जरिए बेचकर आप अतिरिक्त कमाई भी कर सकते हैं।

# शक्ति विहार भूमि विवाद पर विधायक ललित ने दिए 7 दिन में सीमांकन कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ रिसाली निगम को संयुक्त टीम बनाकर रिपोर्ट सौंपने कहा, कॉलोनीवासियों को जल्द राहत देने का भरोसा

रिसाली नगर निगम क्षेत्र के शक्ति विहार में भूमि सीमांकन विवाद को लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने सख्त रुख अपनाया है। वार्ड 28 स्थित खसरा नंबर 1040/60, रकबा 1075 वर्गफीट भूमि को लेकर कॉलोनीवासियों के बीच चल रहे विवाद के निराकरण के लिए विधायक ने निगम प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पिछले कई दिनों से शक्ति विहार के निवासी भूमि की सीमाओं को लेकर परेशान हैं। सीमांकन स्पष्ट नहीं होने के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है, जिससे लोगों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का त्वरित और स्थायी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा पहले ही तहसील कार्यालय को पत्र भेजा जा चुका है। इसके बावजूद लोगों को जल्द राहत देने के उद्देश्य से अब निगम के राजस्व और भवन निर्माण विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया है कि गठित टीम मौके की स्थिति और राजस्व अभिलेखों का मिलान कर भूमि का जल्द सीमांकन करे। साथ ही स्पष्ट सीमांकन प्रतिवेदन तैयार कर उसे कॉलोनीवासियों और निगम कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो और सभी पक्षों को मौके पर बुलाकर उनकी उपस्थिति में कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद न हो। विधायक चन्द्राकर ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन की पहचान है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। विधायक ने निगम प्रशासन को सात दिनों के भीतर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही क्षेत्रीय पार्षद और निगम अधिकारियों को कॉलोनीवासियों के संपर्क में रहकर सीमांकन कार्य में सहयोग करने कहा गया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बारिश पूर्व नालों की सफाई मुहिम शुरू

**भिलाई।** टाउनशिप में बरसात के पूर्व जलजमाव की समस्या से निपटन के लिए अभियान के प्रथम चरण में रिसाली सेक्टर क्षेत्र की विभिन्न नालियों की चरणबद्ध तरीके से सफाई की जा रही है। इससे आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति जल का सुचारु रूप से निकास सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्य से क्षेत्रवासियों को वर्षा के दौरान होने वाली असुविधाओं से राहत मिलेगी।

▪ सेक्टर 7 व मुख्य नाले की सफाई होने से नहीं होगा जलभराव

इसके तहत सेक्टर-7 से होकर गुजरने वाले प्रमुख नाले की सफाई का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य नाले की सफाई का कार्य सेक्टर-6, सड़क 79 के समीप से प्रारंभ किया गया है, जिसे हावड़ा ब्रिज की ओर तथा आगे फॉरेस्ट एवेन्यू स्थित जेपी चौक तक विस्तारित करते हुए नाले की पूर्ण सफाई की जाएगी।नगर सेवा विभाग द्वारा सेक्टर-2 एवं सेक्टर-10 से गुजरने वाले नालों की भी व्यापक सफाई की जाएगी, ताकि वर्षा के दौरान नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाए एवं नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। नगर सेवा विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों एवं नालों में कचरा, प्लास्टिक अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें तथा स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित नगर निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

# लंबित प्रकरणों का निराकरण करें : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

लंबित अपराधों को लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल ने थाना प्रभारियों ऐर अफसरों की क्राइम मिटिंग ली। पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के तुरंत निराकरण, वारंटियों की तामीली, मालखाना संधारण, शासकीय संपत्तियों के रिकॉर्ड रखने एवं पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावीकरने का निर्देश दिया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा है कि निगरानी, गुंडा बदमाशों की सतत चेकिंग करते हुए बीट प्रभारी द्वारा प्रतिमाह, थाना प्रभारी प्रत्येक तीन माह में नियमित सत्यापन करे, आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक नियमित रूप से एबी नोटबुक रखेंगे। स्थायी वारंटियों की तामीली के लिए सभी बीट प्रभारियों को वारंट की प्रतियां उपलब्ध कराकर तामीली को लेकर प्रयासों की स्पष्ट जानकारी दर्ज करे। वारंटियों की सूची और



फोटो थानों में प्रदर्शित करने, सूचना देने के लिए थाना और पेट्रोलिंग कर्मियों के संपर्क नंबर सार्वजनिक करे, आम नागरिकों द्वारा वारंटियों की सूचना देने पर इनाम दिए जाने की जानकारी का प्रचार-प्रसार करे, पुराने लंबित आपराधिक प्रकरणों का 15 दिनों के भीतर निराकरण करे,हादसों में जब्त वाहनों को प्रक्रिया के तहत वाहन स्वामियों को सुपुर्दनामे, हिफाजतनामे पर सौंपने की पहल करने को कहा गया। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, मणीशंकर चंद्रा समेत थाना प्रभारी मौजूद थे।

## मालखाना मुंशी को जब्त माल की जानकारी नियमित

हर थाने में मालखाना मुंशी को जब्त माल की जानकारी नियमित रूप से अपडेट रखे। थानों में प्राप्त सभी शासकीय संपत्तियों का नियमानुसार पंजीयन एवं रिकॉर्ड हमेशा रो। थाना परिसर के प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों की वर्तमान स्थिति का विवरण रजिस्टर में स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश। थाना आने वाले फरियादियों पीड़ितों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनकर सम्मानजनक व्यवहार करने की हिदायत पुलिस कर्मियों को दी गई। सउनि से निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों की एसीआर इसी माह ऑनलाइन दर्ज करने का निर्देश भी दिया है।

# खरीफ सीजन से पहले किसानों को उपलब्ध हो पर्याप्त खाद : विधायक देवेंद्र

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रदेश में खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कृषि विकास और किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम तथा खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता वितरण मंत्री दयाल दास बघेल को पत्र लिखा है। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में खरीफ सीजन शुरू होने से पहले ही किसानों के लिए खाद संकट की स्थिति बन रही है। विशेष रूप से डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों में चिंता बढ़ रही है। वहीं यूरिया का भंडारण भी आवश्यकता की तुलना में काफी कम बताया जा रहा है। उन्होंने



कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और प्रदेश की आधे से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। ऐसे में खरीफ सीजन से पहले खाद संकट की स्थिति किसानों के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकती है। पत्र में दुर्ग जिले की वर्तमान स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार जिले में खाद वितरण का लक्ष्य 67,880 मीट्रिक टन है। अब तक 29,035 मीट्रिक टन खाद का भंडारण हुआ है, जिसमें से 10,171 मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में 18,864 मीट्रिक टन खाद शेष है, जबकि जिले में 38,845 मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता बताई गई है।



# ADMISSION Open

## नए सत्र के लिए बढ़ी अभिभावकों और विद्यार्थियों की उत्सुकता

### बेहतर शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और अनुभवी शिक्षकों के कारण निजी स्कूलों में बढ़ रही पूछताछ

**नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्कूलों द्वारा आकर्षक सुविधाओं, आधुनिक शिक्षा प्रणाली और बेहतर परिणामों के साथ विद्यार्थियों को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं अभिभावकों में भी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर अच्छे स्कूलों में प्रवेश दिलाने की उत्सुकता दिखाई दे रही है।**

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही शहर के सरकारी और निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया तेज हो गई है। कई स्कूलों ने "एडमिशन ओपन" अभियान शुरू करते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न सुविधाओं और ऑफर्स की घोषणा की है।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, कंप्यूटर लैब, स्पोकन इंग्लिश, स्पोर्ट्स और को-करिकुलर एक्टिविटीज जैसी सुविधाएं अब अभिभावकों की प्राथमिकता बन चुकी हैं। यही कारण है कि स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को अपनाने पर जोर दे रहे हैं।

शहर के कई स्कूलों में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12वीं तक प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं। मैथ्स, बायो, कॉमर्स और आट्‌र्स संकायों में विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन और करियर काउंसलिंग की व्यवस्था भी की जा रही है।


स्कूल संचालकों के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने वाले स्कूलों में इस बार प्रवेश को लेकर अधिक प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। कई संस्थानों ने मेधावी विद्यार्थियों और भाई-बहनों के लिए फीस में विशेष छूट की सुविधा भी शुरू की है।

अभिभावकों का कहना है कि वे ऐसे स्कूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं जहां शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता हो। वहीं विद्यार्थियों में भी आधुनिक सुविधाओं वाले स्कूलों को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। ऐसे में अभिभावकों को स्कूल का चयन करते समय शिक्षा गुणवत्ता, शिक्षकों का अनुभव, सुरक्षा व्यवस्था और सह-शैक्षणिक गतिविधियों जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए।














रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



तीन पीढ़ियों की तस्वीरों से लेकर...

लाइव इवेंट

## परिवार और विद्यालय के समन्वय से ही बच्चों का बेहतर भविष्य संभव



**भिलाई।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में 13 मई से 29 मई तक जारी है। इसी श्रृंखला में पेरेंटिंग विषय पर जाने माने पैरेंटिंग विशेषज्ञ चिरंजीव जैन ने विशेष मार्गदर्शन दिया। इस सत्र में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यों ने सहभागिता दी।

इस दौरान चिरंजीव जैन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, संस्कारयुक्त शिक्षा, अभिभावकों की भूमिका तथा वर्तमान समय में सकारात्मक पेरेंटिंग की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि परिवार और विद्यालय के समन्वय से ही बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण संभव है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसा कुछ कीजिए कि पूरी क्लास आपकी फैन हो जाए। बच्चों को भी लगे कि इस मैडम या सर की क्लास मिस नहीं करना है। अगर आपने अपनी क्लास में ऐसी स्थिति बना दी तो बच्चों को भी आपकी क्लास का इंतजार रहेगा और बच्चा रात में भी जागकर आपकी क्लास की तैयारी करेगा। उन्होंने कहा कि आज पैरेंटिंग का सबसे जरूरी हिस्सा है हम बच्चों का सम्मान करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि आप खुद याद कीजिए कि आपने बच्चों की खुलकर प्रशंसा कब की। हमें लगता है कि ज्यादा प्रशंसा करेंगे तो बच्चे बिगड़ जाएंगे, जबकि ऐसा नहीं है। एक वक्त होता है, जब आपका बच्चा लड़खड़ा कर कदमों से चलना शुरू करता है तो आप तालियां बजाते हैं। इससे आपका बच्चा खुश होकर और तेज कदमों से चलना शुरू करता है। आपकी तालियां बढ़ती हैं तो बच्चा दौड़ना भी सीख जाता है। आपको अपनी क्लास में भी यही नियम को याद रखना है। उन्होंने कहा कि हम लोग क्लास में अक्सर आगे की दो बेंच देखकर पूरी पढ़ाई करा देते हैं क्योंकि आखिरी में 2-3 बेंच में बैठे हैं, उनको देखकर हम परेशान हो जाते हैं। जबकि आपको समझना चाहिए कि एक भरी पूरी क्लास के बच्चों को आपसे ढेर सारी उम्मीदें हैं। इस अवसर पर आचार्यों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर विचार-विमर्श किया।

लाइव इवेंट

## अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर नशकर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए पोलैंड रवाना



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर और राष्ट्रीय निर्णायक नशकर टंडन वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने पोलैंड रवाना हो गए हैं। वारसा में 23 मई से 1 जून तक आयोजित इस चैंपियनशिप का आयोजन इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग फेडरेशन एवं पोलैंड पावरलिफ्टिंग फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें विश्व के 52 देशों के खिलाड़ी व ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। सीएचसी रिसाली में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत नशकर टंडन 93 किग्रा वजन वर्ग के मास्टर-3 समूह में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका चयन हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने व उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इससे पहले भी वे एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप दुबई में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतने के साथ वे स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। शहीद विनोद चौबे पुरस्कार से सम्मानित नशकर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव एवं प्रशिक्षक भी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ मिंज, बीएमओ निकुम डॉ देवेन्द्र बेलचंदन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा ठाकुर, छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव कृष्णा साहू, प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रमेश पाल, लक्ष्मीकांत पोरडीवार, सत्येन्द्र गुप्ता, मुकेश शर्मा, शत्रुघन मांझी, अजय नायक, संजीव दुबे, गजेन्द्र गुप्ता, संजय सिंह, लिपिक संघ जि ला ध्य क्ष विजय जान, सचिव मनीष ला झ रे क र, आसिफ अली, जयदीप साहू, अंग्रेज सिंह, गौरव वत्स सहित खेल विभाग, आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, खेल प्रेमियों व परिजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



● शहर के जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ना रस की दुकानों का बदला मिजाज

# गर्मी से राहत पाने एनर्जी बूस्ट करने नारियल पानी गन्ना रस और आम पना के स्टॉल्स पर उमड़ रही भीड़

**गर्मी का पारा रोज चढ़ रहा है। ऐसी चिपचिपी गर्मी में खुद को हाइड्रेटेड व तरोताजा रखने लोग शीतल पेय पदार्थों से एनर्जी बूस्ट करते दिख रहे हैं। शहर के जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी और गन्ने रस के स्टॉल पर लोगों की भीड़ रोज जुट रही है। इस साल मार्च का महीने से ही शरीर को भेद देने वाली तेज धूप मई में अपना उग्र रुप धारण किये हुए है। जिससे लोग परेशान होकर खुद को डीहाइड्रेट रखने आम पना, बेल शरबत, शिकंजी, नारियल पानी लस्सी और छाछ जैसे ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे है।**

**भिलाई।** गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजारों में इन पेय पदार्थों की दुकानें जगह-जगह सजी हुई है और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं। वहीं कोल्ड ड्रिंक की बिक्री भी खूब बढ़ गई है। दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपा रही है। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी और बढ़ जा रही है। इस साल गर्मी जल्दी शुरु होने के चलते जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ने रस के स्टॉल पर पेय पदार्थों की बढ़ती मांग ने कारोबारियों में अच्छे मुनाफे की उम्मीद जगा दी थी। जीई रोड स्थित कोल्ड ड्रिंक के थोक कारोबारी का कहना है कि शहर में इस गर्मी के सीजन 50 में पेय पदार्थों का कारोबार करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद है।









### गन्ना रस 20 रुपए प्रति गिलास तक बिक रहा

रामनगर, पावर हाउस और सेक्टर क्षेत्र में गन्ना रस का स्टॉल चला रहे दुकानदारों ने बताया कि इस साल फरवरी महीने के आखिर से गन्ना रस बेचना शुरू किया था। इस बार ग्राहकी अच्छी लग रही है। गन्ना रस बर्फ के साथ 20 रुपए प्रति गिलास बेच रहे हैं। इस बार अच्छा मुनाफा होने की आस है। साथ ही स्टॉल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान भी रख रहे हैं।

### कोल्ड ड्रिंक और आईसक्रीम की मांग में 20 से 30 प्रतिशत का इजाफा

तमिलनाडु व कर्नाटक से रोजाना 48 टन नारियल पहुंच रहा

पावर हाउस थोक सब्जी व फल मंडी के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडी में रोजाना 3 से 4 ट्रक नारियल की आवक हो रही है। इससे भिलाई सहित पूरे प्रदेश में करीब 48 टन की रोजना खपत हो रही है। गर्मी जैसे-जैसे बढ़ रही है इसकी मांग व आवक दोगुनी हो गई है। वर्तमान में अच्छी क्वालिटी का नारियल पानी प्रति नग का थोक भाव 40 से 50 रुपए के आसपास है। वहीं, चिल्हर में 60 से 80 रुपए तक बिक रहा है। शहर के कोल्ड ड्रिंक व आइसक्रीम के थोक डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि इस बार गर्मी में मांग को देखते हुए कोल्ड ड्रिंक व आइसक्रीम की कारोबार में 30 से 35 प्रतिशत तक की इजाफा होगा। पिछले साल कारोबार का यह आंकड़ा करीब 20 से 30 प्रतिशत तक रहा था। शहर की बात करें तो करीब 30 करोड़ से अधिक का कोलड्रंक व आइसक्रीम प्रोड्क्स का कारोबार है।



### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, पर रहें सावधान

शहर की डायटिशियन डॉ रिचा जैन के अनुसार गर्मी में शरीर को तुरंत ऊर्जा देने और हाइड्रेटेड रखने के लिए सबसे अच्छे शीतल पेय नारियल पानी, नींबू पानी, शिकंजी, छाछ, आम पन्ना, गन्ने का रस और बेल का शरबत है। ये प्राकृतिक पेय इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपाई करते हैं और लू से बचाते हैं। लेकिन, इनका घर से बाहर सेवन करते समय स्वच्छता व हाइजीन का ध्यान देने की जरूरत होती है। वहीं, लोगों को कोलड्रिंक, आइसक्रीम जैसे शीतल पदार्थों का सेवन करते समय सावधान रहना चाहिए।



## फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी के लिए आवेदन 20 से



**भिलाई।** एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट 2 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो युवा भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में कमीशंड ऑफिसर बनने का सपना देख रहे हैं। उन युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन 20 मई से शुरू हो चुका हैं। उम्मीदवार 19 जून तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। ऐसे में अगर आप भी एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो इस लेख के जरिए हम आपको आयु सीमा से लेकर चयन प्रक्रिया तक पूरी जानकारी से अवगत करवाएंगे। इस बार उम्मीदवारों की योग्यता में बदलाव किया गया है। पहले ब्रांच में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य थे, लेकिन अब आवेदन करने के लिए 60% अंकों की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। हालांकि आवेदन करने के लिए कक्षा 12वीं में फिजिक्स और गणित में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। आवेदक की आयु की गणना 1 जुलाई 2027 के आधार पर की जाएगी।



### तीन स्टेज में होगा चयन

भारतीय वायुसेना में कमीशंड ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदावरों को तीन चरणों को सफलापूर्वक पास करना अनिवार्य है। सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। लिखित परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके साथ ही एसएसबी में दौड़ और पुश-अप्स आदि का भी परीक्षण किया जाएगा। एफकैट परीक्षा के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,100 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

## बेरोजगार महिलाओं को कार्यकर्ता और सहायिका बनने का अवसर

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए महिला उम्मीदवारों से 2 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया शासन के नियमानुसार ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा रही है।परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 1 पद और आंगनबाड़ी सहायिका के 3 पद रिक्त हैं। वार्ड क्रमांक 14 के आंगनबाड़ी केंद्र गौरैया पारा सिकोला भाठा में कार्यकर्ता का 1 पद रिक्त है। वहीं सहायिका के लिए वार्ड 47 के रायपुर नाका केंद्र क्रमांक 01 रायपुर नाका सिविल लाइन उत्तर, वार्ड 11 के बुद्ध बिहार-ब शंकर नगर पश्चिम तथा वार्ड 57 के आजाद नगर-अ उरला पश्चिम केंद्र में भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिला





अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल aww.e-bharti.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए आवेदिका को उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जिस वार्ड के केंद्र के लिए पद रिक्त है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता व अन्य शर्तें शासन के नियमों के अनुरूप होंगी। भर्ती प्रक्रिया, नियम एवं अर्हताओं की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यदिवस में कार्यालयीन समय के भीतर एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य शिविर में 67 लोगों का बीपी, शुगर व सामान्य परीक्षण, निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जामुल के मंगल भवन में सरकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस अवसर पर पारंपरिक रीति से गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर, गोद में पोषक तत्वों की टोकरी देकर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य से लेकर हर सुविधा मिली

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में 67 लोगों का बीपी, शुगर व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क दीं। चिप्स के माध्यम से 7 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। मंगल भवन में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और युवाओं को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बना कर दिया गया। वहीं परिवहन विभाग ने 55 आवेदकों को मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस बनाकर सौंपे। शिविर में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, 67 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 7 आयुष्मान कार्ड, 6 राशन कार्ड और प्रधानमंत्री आवास के 3 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा भी दी गई।

गोद भराई रस्म बनी आकर्षण का केंद्र

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के सम्मान में

# पारंपरिक रीति से गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर गोद में पोषक तत्वों की टोकरी देकर की गोद भराई



गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया, जो पूरे दिन आकर्षण का केंद्र रही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रीति से महिलाओं को चुनरी ओढ़ाई, तिलक लगाया और उनकी गोद में पोषक तत्वों से भरी टोकरी, फल, श्रृंगार सामग्री भेंट की। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षद कविता बिशवाल, राम प्यारी वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित मातृत्व व संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक किया। विभाग ने बताया कि ऐसी रस्म से गर्भवती महिलाओं में पोषण व देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### एक ही छत के नीचे 10 से अधिक विभागों के स्टॉल

जामुल के नागरिकों के लिए लगे इस शिविर में 81 आवेदन आए, जिनमें से 5 का तत्काल समाधान कर दिया गया। इस शिविर एक ही छत के नीचे 10 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया। स्वास्थ्य विभाग ने 67 लोगों का बीपी, शुगर जांचकर दवाइयां बांटीं। आधार अपडेशन काउंटर पर 18 लोगों ने सुधार कराया। खाद्य विभाग ने 6 नए राशन कार्ड जारी किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई गोद भराई रस्म पूरे दिन आकर्षण का केंद्र रही। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षद कविता बिशवाल, राम प्यारी वर्मा ने गर्भवती महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित मातृत्व का संदेश दिया। शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, नोडल अधिकारी सचिन भागवत, सहायक नोडल अधिकारी हरीश साहू के साथ पार्षद रामदुलार साहू, दीपक गुप्ता, के राजू सहित ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। नपा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे शिविरों से जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।



सिटी इवेंट

## अंगदाताओं को सम्मान देने सर्वधर्म संस्था ने बढ़ाया कदम



**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अंगदाताओं को मरणोपरांत राजकीय सम्मान प्रदान किए जाने की मांग को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को स्मरण-पत्र सौंपा गया। संस्था द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में आवेदन प्रेषित किया गया था। उसी क्रम में महासचिव राकेश रत्नाकर के प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर से मुलाकात कर इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रतीक भोई, रघुवंश सैनी, नोहर सिंह, वसंत सलंकर सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। स्मरण-पत्र में उल्लेख किया गया कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते प्रदूषण, अनियमित जीवनशैली एवं बढ़ती बीमारियों के कारण मानव अंग तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। इसके चलते अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन अंगदान के प्रति जागरूकता की कमी के कारण अनेक मरीज समय पर अंग नहीं मिलने से जीवन खो देते हैं।संस्था ने कहा कि यदि राज्य सरकार द्वारा अंगदाताओं को राजकीय सम्मान प्रदान किया जाता है, तो इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा एवं अधिक से अधिक लोग अंगदान जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रेरित होंगे।स्मरण-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि विदेशों में अंग प्रत्यारोपण को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए अब ड्रोन के माध्यम से एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक मानव अंगों को शीघ्रता से पहुंचाया जा रहा है, ताकि समय पर मरीजों का जीवन बचाया जा सके। संस्था ने ओडिशा, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश एवं कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां अंगदाताओं को सम्मान देने एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है, जिससे अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सर्वधर्म सेवा संस्था ने आशा व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ शासन भी जनहित में इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेकर अंगदान जैसे महादान को प्रोत्साहित करेगा।

- समय पर अंग नहीं मिलने से जीवन खो देते हैं लोग

● तस्वीरों और कविता की यादों प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया हुनर

# तीन पीढ़ियों की तस्वीरों से लेकर स्वरचित कविताओं से मातृत्व को किया सलाम, अर्चना-मधु-सुतापा रहीं अव्वल

**भिलाई।** मां... ब्रह्मांड का वो शब्द जो पूरी सृष्टि को खुद में समेट लेता है। इसी भाव को जीवंत किया सूर्य विहार महिला समाज ने। मातृ दिवस के मौके पर समाज ने एक अनूठी प्रतियोगिता कराई, जहां तस्वीरों और कविताओं के जरिए मातृत्व को सलाम किया गया। तीन अलग-अलग श्रेणियों में मंगाई गई प्रविष्टियों ने साबित कर दिया कि मां का रिश्ता हर फ्रेम, हर शब्द में सबसे खूबसूरत लगता है। समाज की अध्यक्ष प्रोफेसर सुचित्रा शर्मा ने बताया कि सूर्य विहार महिला समाज स्थापना से ही हर साल ऐसे रोचक आयोजन करता है जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाए। इसी कड़ी में इस बार मातृ दिवस पर तीन बिंदुओं पर प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं। पहला - मां और बच्चे की अविस्मरणीय फोटो, दूसरा - दो-तीन पीढ़ियों की एक साथ तस्वीर और तीसरा - मां-बच्चे की फोटो के साथ स्वरचित कविता रखा गया था।

















### निर्णायक के लिए मुश्किल था फैसला

प्रतियोगिता की निर्णायक पुलिस काउंसलर डॉ. अंजना श्रीवास्तव रहीं। उन्होंने कहा कि इतनी सारी भावुक और आकर्षक प्रविष्टियों में से विजेता चुनना बेहद मुश्किल काम था। हर तस्वीर एक कहानी कह रही थी, हर कविता मां की ममता बयां कर रही थी। सूर्य विहार महिला समाज द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### आने वाली पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ा

परिणाम घोषित होने के बाद सूर्य विहार महिला समाज की अध्यक्ष प्रोफेसर सुचित्रा शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मकसद मां के प्रति सम्मान बढ़ाना और आने वाली पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना है। समाज आगे भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। ये रहे परिणाम, मारी बाजी पहली श्रेणी यानी मां और बच्चे के फोटो वर्ग में अर्चना चौबे ने प्रथम, पूजा अग्रवाल ने द्वितीय और तेजिंदर ने तृतीय स्थान हासिल किया। दूसरी श्रेणी में दो-तीन पीढ़ियों की संयुक्त तस्वीर मांगी गई थी। इसमें सुतापा देवनाथ पहला, रिचा कुमार दूसरे और ललित रमण तीसरे स्थान पर रहीं। तीसरी श्रेणी स्वरचित कविता के साथ फोटो की थी। इस वर्ग में मधु थपलियाल ने पहला, अनुपमा झा ने दूसरा और दीपशिखा भटनागर ने तीसरा स्थान पाया। वीना गुप्ता को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। सभी प्रविष्टियां इतनी आकर्षक थीं कि निर्णायक मंडल के लिए चयन करना चुनौती भरा रहा।

सिटी लाइव

## मूर्तिकार डॉ. अंकुश को मिलेगा कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान



**भिलाई।** भिलाई के मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन को कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया जाएगा। राजस्थान के नागौर जिले की बड़ी खाटू में अखिल भारतीय कबीर मठ द्वारा 29 जून को संस्था प्रमुख संत नानकदास महाराज के द्वारा से यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों के मानवाधिकारों की रक्षा और शांति प्रयासों के लिए उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। डॉ. अंकुश देवांगन विगत 36 वर्षों से हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो का आंदोलन चला रहे हैं। इसके तहत वे नक्सली क्षेत्रों के बच्चों को निशुल्क कला सिखाते हैं ताकि वे सृजनशील बनें और हिंसा का रास्ता न अपनाएं। लैंडमाइन और गोलीबारी के खतरे वाले अति संवेदनशील इलाकों में भी वे अपने खर्चे से प्रशिक्षण देते हैं। उनके प्रयासों से हजारों बच्चे लाभान्वित हुए हैं। डॉ. देवांगन समकालीन भारतीय कलाजगत के मूर्धन्य कलाकार हैं। दल्ली राजहरा में छह मंजिली इमारत जितना विश्व का सबसे बड़ा लौहरथ, भिलाई के चौक-चौराहों की भव्य कलाकृतियां, रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में डेढ़ किमी लंबा भित्तिचित्र, मदकूद्वीप में मांडूक्य ऋषि की प्रतिमा उनकी कालजयी शिल्पकला के प्रमाण हैं। सूरजकुंड क्राफ्ट मेला हरियाणा, दुर्गापुर स्टील प्लांट पश्चिम बंगाल और राजभवन भोपाल में भी उनकी कलाकृतियां स्थापित हैं। कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें ललित कला अकादमी नई दिल्ली की मानद सदस्यता दी है। वर्तमान में वे भिलाई इस्पात संयंत्र के मेडिकल विभाग में कार्यरत हैं।

नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैंप

## ऋषिकान्त ने राष्ट्रीय हिमालयन ट्रैकिंग में किया कैंप लीडर का दायित्व निर्वहन



**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया वाईएचएआई नई दिल्ली द्वारा हिमाचल प्रदेश में आयोजित नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैंप के अन्तर्गत फुलारा रिज 2026 के लिए ऋषि कांत तिवारी ने कैंप लीडर का दायित्व निभाया।

दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष व यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट तिवारी ने समुद्र तल से लगभग 13000 फीट की ऊंचाइयों पर हिमालय के पर्वतों में कम से कम 21 दिनों तक कैंप लीडर के रूप में अपने साहसिक दायित्वों का निर्वहन किया। इस कैंप के अन्तर्गत फुलारा रिज 2026 में देश के लगभग 250 प्रतिभागियों ट्रेकर्स ने भाग लिया। वाईएचएआई छत्तीसगढ़ के सचिव के. सुब्रमण्यम ने बताया श्री तिवारी द्वारा कैम्प लीडर के रूप में इस ट्रेकिंग कैंप में देश के सभी राज्यों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों का मार्गदर्शन व प्रशिक्षण के लिए 25 अप्रैल को उत्तराखंड में बेसकैम्प ग्राम सांकरी तहसील मोरी जिला उत्तरकाशी में रिपोर्ट की गई। इस दरम्यान सेवबाग बेस कैंप से ट्रेकिंग करते हुए जुड़ा का तालाब, भोजगढ़ी एवं पुस्तारा जैसे देवभूमि के हिम शिखरों व वादियों में चढ़ाई करते हुए ट्रेकिंग की गई। ऋषि कांत तिवारी की इस गौरवमयी उपलब्धि पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, कोषाध्यक्ष साकेत मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश धन्डोरे, रोहित सिंह राजपूत, प्रशांत अग्रवाल,संतोष कसार, तारकेश्वर साहू, शरद दुबे, अशोक सिन्हा, अजय मिश्रा, साबिर चौहान, राजेश शर्मा, लक्ष्मण लहरे, शुभम जैन, मनीष अग्रवाल, किशोर यादव, रविन्द्र शर्मा, राकेश बोरकर, शुभम शर्मा, अलमास, विजय चौधरी, राजमणि मिश्रा, राजकुमार रस्तोगी, भूपेन्द्र शर्मा, गुरमीत सिंह भोगल आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष जताकर शुभकामनाएं दी।

वार्षिक प्रतिभा पुरस्कार

## रोशन बने मिस्टर फेयरवेल और विनिता मिस फेयरवेल



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय, जामुल मिलाई में बुधवार को वार्षिक प्रतिभा पुरस्कार और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य, समस्त शिक्षकों और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राध्यापकों का द्वितीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक, तिलक व बेच लगाकर स्वागत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संचालक डॉ. टीआर साहू ने किया। सत्र 2025-26 में आयोजित अन्य गतिविधि जैसे स्पोर्ट्स, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, रंगोली, संगीत, लेखन, कला आदि में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त, छात्रों को मोमेंटों एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम नृत्य, गायन, गेम्स, प्रस्तुत किया गया। अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा अपना अनुभव साझा किए और जूनियर छात्रों को शुभकामनाएं दिए। मिस्टर फेयरवेल रोशन कुमार बीएड चतुर्थ सेमेस्टर और मिस फेयरवेल विनिता मिश्रा बीएड चतुर्थ सेमेस्टर रही। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। इसलिए सदैव अपनी लक्ष्य के प्राप्त तक परिश्रम करना चाहिए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएड द्वितीय सेमेस्टर से लाईबा यास्मिन और खिलेंदर साहू ने किया।

समाज इवेंट

## आहार सेवा के तहत की गौ सेवा घायल गायों को खिलाया चारा



**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनाकल ने इस माह आहार सेवा इनिशिएटिव के अंतर्गत गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित कर गौ संरक्षण का संदेश दिया। क्लब की सदस्यों ने एफएसएनएल चौक स्थित गौ मित्र मंडल भिलाई द्वारा संचालित जैन गौशाला पहुंचकर घायल एवं असहाय गायों की सेवा में सहयोग प्रदान किया। गौशाला में विभिन्न आयु वर्ग की लगभग 35 गायों की देखभाल की जा रही है। संस्था द्वारा आसपास के क्षेत्र में कुल 300 गायों को संरक्षण व सेवा दी जा रही है। रोटरी सदस्यों ने गायों को चारा खिलाया तथा उनके उपचार व देखभाल के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने में भी सहायता की। शांत व स्नेहपूर्ण वातावरण में छोटे बछड़ों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावुक और आनंदमय बना दिया। इस सेवा कार्य के आयोजन में पायल जैन तातिया की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने गौ मित्र मंडल के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. पुर्वा रोजिंदार, सचिव रोटेरियन मधुलिका अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन आश्मित बेदी ने कहा कि रोटरी सदैव पशु सेवा, संवेदनशीलता एवं समाजहित के कार्यों से जुड़ने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम के माध्यम से रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनाकल ने सेवा एवं गौ संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया।

आईएएस कावरे का जीवन संघर्ष जानकर भावुक हुए लोग, दी कर्मवीर की उपाधि

## बुद्ध के धम्म चक्र में अंकित 24 तीलियों की दी मनोहारी प्रस्तुति, कर्मवीर की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन

कार्नर न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ के 12 प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के पूर्व कमिश्नर, बेमेतरा तथा जशपुर जिले के पूर्व कलेक्टर और वर्तमान आयुक्त सहकारिता विभाग छत्तीसगढ़ शासन महादेव कावरे का सम्मान कर उन्हें कर्मवीर की मानद उपाधि प्रदान की। कला मंदिर सिविक सेंटर में लगभग 500 से अधिक भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बालोद, बस्तर और बीजापुर से आए आम नागरिकों की उपस्थिति में महादेव कावरे के जीवन और संघर्षों पर लोगों ने प्रकाश डाला। बीजापुर बस्तर के दूरस्थ और सुविधाओं से वंचित गांव बोर्जे से निकल कर, आयुक्त पद तक पहुंचने की मिसाल पेश करने वाले महादेव कावरे के जीवन संघर्ष को जानकर ज्यादातर लोग भावुक हो गए। आईएएस कावरे के साठवें जन्मदिन पर हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वरत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।



### धम्मचक्र में अंकित 24 तीलियों की दी प्रस्तुति

बीजापुर से आए 30 लोगों के परिवार ने भी अपने आशीर्वाद से माहौल को भावुक कर दिया। सुगत बुद्ध विहार भिलाई तीन की महिलाओं के दल ने बुद्ध के धम्म चक्र में अंकित 24 तीलियों के बारे में मनोहारी प्रस्तुति दी। दुर्ग के वरिष्ठ नाट्य निर्देशक-रंगकर्मी राकेश बमबार्डे और लोक कवि लक्ष्मी नारायण कुंभकार तथा उनकी टीम ने महादेव कावरे के संघर्षों पर विशेष रूप से निर्मित सम्मान गीत गाया।



मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के अध्यक्ष और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व सीजीएम एल उमाकांत ने महादेव कावरे द्वारा बेमेतरा कलेक्टर के रूप में आम लोगों के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। दुर्ग संभाग के पूर्व कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने अपने कार्यकाल के दौरान महादेव कावरे की प्रशासकीय क्षमता को विशेष रूप से उल्लेखित किया।

### प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा की दी जानकारी

बीजापुर से आए सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश रामटेके ने कर्मवीर महादेव कावरे के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। सम्मान समारोह में मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल के साथी और बीएसपी के जी एम प्रभाकर खोबरागड़े , सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के को-फाउंडर अनिल कुमार बनज, रायपुर डॉ अंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई के अध्यक्ष और बीएसपी के जी एम कमल टंडन, डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष सुनील रामटेके, भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के अध्यक्ष विनोद वासनिक, डॉ स्नेहलता हुमने, धम्मभूमि सांस्कृतिक समिति हाउसिंग बोर्ड भिलाई के अध्यक्ष संदीप चौरे, समता सैनिक दल छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप रा गा से, बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर के अध्यक्ष नेक राम रामटेके भिलाई, डॉ संजीव ख़ुदशाह, डॉ बी आर अंबेडकर शिक्षा समिति स्टेशन मरोदा भिलाई के विजय ऊके, आई पी एस आर के देवांगन, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया भिलाई की वर्षा बागडे और विज्ञान आश्रम कसेकेरा के संचालक एवं पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कर्मवीर महादेव कावरे के जीवन पर पंकज मेश्राम द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अंत में ए ई एफ के एस पी निगम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद सामाजिक कार्यकर्ता अंजू मेश्राम ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्ट और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 एवं महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न टीम के बीच मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 9 रन से जीता। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 7 विकेट पर 206 रन बनाए। ईशा भारती देवांगन ने 58 रन, कप्तान नेहा बड़वाईक ने 55 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 41 रन, रूमा दास और महक ठाकुर ने 10-10 रन एवं प्रतिज्ञा सिंह ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की संजीता पटेल एवं आरती यादव ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी मेंसाउथ जोन टीम 197 रन पर आउट हो गई। शिल्पा साहू एवं शिवानी हरि कृष्ण ने 75-75 रन बनाए। तान्या बेरिया ने नॉट आउट 12 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के आंशी अग्रवाल ने पांच विकेट लिए। कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन मैच हुआ। नॉर्थ जोन ने 95 रन से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन टीम 150 रन पर आउट हो गई। कप्तान मानसी मौर्य ने 83 रन और मिताली शर्मा ने 33 रन बनाएं। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की जपनीत कौर एवं संतोषी ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन टीम 55 रन पर आउट हुई। सेजल वर्मा ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की साक्षी शुक्ला एवं किरण वर्मा ने तीन-तीन विकेट और चित्रा पटेल ने दो विकेट लिए।

### प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट के मुकाबले जारी




**भिलाई।** बीएसपी इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को मैच हुए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम वीकेंड लायंस विरुद्ध वांटेड में परिणाम वीकेंड लायंस ने 36 रन से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच जीतू रहे। दूसरा मैच लीजेंड-11 एवं अनजानय ब्लास्टर के मध्य खेला गया। परिणाम मैच टाई रहा एवं सुपर ओवर में अनजानय ब्लास्टर ने यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच डब्बू रहे। तीसरा मैच केएनसी सुपरस्टार्स विरुद्ध खुर्सीपार टाइटन में परिणाम खुर्सीपार टाइटन ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच राजा रहे। चौथा मैच बीएमसीसी विरुद्ध मोक्ष- 11 में परिणाम मोक्ष -11 ने 3 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विकास सिंह रहे। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह, पीयूष साहू और स्कोरर विवेक सिंघम थे। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक अरविंद सिंह एवं वीरेंद्र गोस्वामी ने दी।

### राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए कैंप में तैयार हो रहे खिलाड़ी



**रायपुर।** सब जूनियर बेसबॉल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर में 16 से 22 मई तक जारी है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के सह सचिव अख्तर खान ने बताया कि 31 वे सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता भुवनेश्वर में 24 से 29 मई तक आयोजित है उसमें प्रदेश की बालक बालिका की टीम भी भाग ले रही है, जिसके लिए यह कैंप लगाया गया है।

उद्घाटन समारोह में प्रदेश बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, प्रदेश महासचिव मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा मौजूद थे। पलक जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को एक टीम की तरह मिलाकर खेलने के लिए कहा और साथ ही प्रदेश के लिए पदक लेकर आए ऐसी उम्मीद जताई। महासचिव मिताली घोष ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन से पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर जिले में किया गया था। जिसमें बालक वर्ग में 9 और बालिका वर्ग में 7 जिलों की टीम ने भाग लिया था। इनमें से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का इस प्री नेशनल कोचिंग कैंप में चयन किया गया है।

कैंप में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी लखन लाल देवांगन, संदीप गाहिरे, अंकुर राजक, नेहा यादव, भूमिका श्रीवास के द्वारा फील्डिंग, हीटिंग, कैचिंग और साथ में मैच की प्रैक्टिस भी कराई जा रही है।

## कुछ बीमारी पहुंचाती है पूरे शरीर को नुकसान

# सेहतमंद दिखने का मतलब सब कुछ ठीक होना नहीं, हार्ट-ब्रेन को हो सकता है खतरा

हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर इसलिए कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। डॉक्टर 30 साल की उम्र से ही नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की सलाह दे रहे हैं ताकि बीमारी को शुरुआती स्तर पर पकड़ा जा सके और समय रहते कंट्रोल किया जा सके।

खराब लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने कई ऐसी बीमारियों का खतरा काफी आम कर दिया है, जिन्हें स्वास्थ्य विशेषज्ञ साइलेंट किलर मानते हैं। हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर उनमें से एक है, जिसका खतरा कम उम्र के लोगों में भी बढ़ता जा रहा है। अमर उजाला में प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट में हमने बताया कि किस तरह से हाई ब्लड प्रेशर देश में हर चौथे व्यक्ति को प्रभावित कर रहा है, सबसे चिंताजनक बात ये है कि ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं होता है कि उन्हें ये बीमारी है।


इंटरनल मेडिसिन के डॉक्टर मोइन खान बताते हैं, हाई ब्लड प्रेशर वाला हर मरीज आपको देखने में बीमार लगे ये जरूरी नहीं है। कई बार बिल्कुल स्वस्थ और फिट दिखने वाले लोग भी इसका शिकार हो सकते हैं। चूंकि शुरुआत में बीमारी के लक्षण ज्यादा स्पष्ट नहीं होते हैं इसलिए हाइपरटेंशन का शिकार होने के



बावजूद ज्यादातर लोगों को अपनी बीमारी के बारे में अंदाजा नहीं होता है। अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी डैमेज और ब्रेन हेमरेज जैसी गंभीर समस्याओं तक का कारण बन सकता है।

### स्वस्थ दिखना, स्वस्थ होने की गारंटी नहीं

डॉक्टर खान बताते हैं, खराब खानपान, तनाव, नींद की कमी, लंबे समय तक बैठकर काम करने, ज्यादा नमक खाने, शराब-धूम्रपान जैसी आदतों ने कम उम्र में ही इस बीमारी के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। बाहर से स्वस्थ दिखना इस बात की गारंटी नहीं है कि आप अंदर से भी पूरी तरह स्वस्थ ही हों। यही वजह है कि अब 20-30 की उम्र से ही नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की सलाह दी जा रही है ताकि बीमारी को शुरुआती स्तर पर पकड़ा जा सके और समय रहते कंट्रोल किया जा सके।



युवा अक्सर देर रात तक जागते हैं और पर्याप्त नींद नहीं लेते, इससे हार्मोनल बैलेंस प्रभावित होती है। इसकी वजह से भी ब्लड प्रेशर की समस्या काफी बढ़ने लग गई है। लंबे समय तक लैपटॉप या मोबाइल के सामने बैठना, शारीरिक गतिविधि कम होना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का ज्यादा सेवन भी युवाओं के ब्लड प्रेशर को प्रभावित कर रहा है।

लक्षण न दिखने से बीमारी का नहीं चलता है पता

डॉक्टर कहते हैं, हाइपरटेंशन की स्थिति में शरीर के भीतर रक्त वाहिकाओं पर लगातार दबाव बढ़ता रहता है। जिन लोगों के पारिवार में पहले से माता-पिता या करीबी रिश्तेदारों को हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत है उन्हें खुद में इस बीमारी को लेकर और भी अलर्ट रहने की जरूरत होती है।

हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। कई लोग वर्षों तक हाई बीपी के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें कोई गंभीर परेशानी महसूस



नहीं होती। यही कारण कि ज्यादातर लोगों को अपनी बीमारी का पता नहीं चल पाता है। अगर समय रहते ब्लड प्रेशर की समस्या का पता न चल पाए और इसका इलाज न हो तो इससे हार्ट, किडनी, आंखों सहित ब्रेन से संबंधित गंभीर खतरे हो सकते हैं।

### हार्ट से लेकर ब्रेन डैमेज का खतरा

हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर इसीलिए कहा जाता है क्योंकि ये शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण दिल की सेहत पर सबसे ज्यादा असर होता है। जब वाहिकाओं पर खून का दबाव लगातार ज्यादा रहता है, तो दिल को खून पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे दिल की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। समय के साथ यह स्थिति हार्ट फेलियर, हार्ट अटैक और अनियमित धड़कनों का कारण बन सकती है। इसी तरह हाई ब्लड प्रेशर का ब्रेन पर भी खतरनाक असर होता है।



# एसी ने बढ़ा दिया है बिजली का बिल तो लगवा लें स्मार्ट गैजेट्स

क्या एसी ज्यादा चलाने की वजह से आपका भी बिजली का बिल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आप बिजली की खपत को कम करने के लिए ऐसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवा सकते हैं। इससे बिल कम हो सकता है। आइए जानें, एसी की वजह से बिल ज्यादा आए, तो क्या करें?

गर्मियां चरम पर हैं। पंखे और कूलर से भी गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग घरों में एसी लगवा रहे हैं। एसी लगवाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन इसका बिजली बिल भरना काफी मुश्किल हो जाता है। एसी ज्यादा चलाने से बिल बढ़ता है और घर का बजट तक बिगड़ जाता है। अक्सर लोग बिल देखकर ही पसीना-पसीना हो जाते हैं।

अगर बिजली का बिल बढ़ जाए, तो एसी चलाते हुए भी डर लगने लगता है। अगर आपका भी एसी घंटों तक चलता है और एयर कंडीशनर की वजह से आपके बिजली का बिल बढ़ रहा है, तो आपको अपने घर में एसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवाने चाहिए। इससे आपके बिजली के बिल में कमी आ सकती है। आइए जानें, एसी से आने वाले बिल को कैसे कंट्रोल करें?

### स्टेबलाइजर लगवाएं

एसी चलाते हुए स्टेबलाइज जरूर लगवाएं। इससे एसी



की लाइफ बढ़ेगी, साथ ही आपके बिजली का बिल भी कम होगा। भारत में बहुत-सी जगहों पर बिजली की सप्लाई ऊपर-नीचे होती रहती है। ऐसे में एसी के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। वोलटेज के असर से एसी के कम्प्रेसर पर लोड पड़ता है। इससे बिजली का बिल बढ़ जाता है। ऐसे में स्टेबलाइजर जरूर लगवाएं।

### स्मार्ट प्लग

बहुत से घरों में अभी भी पुराने वाले एसी लगे हैं। इन्हें अगर रातभर चलाया जाए, तो बिजली का बिल सीधे आसमान छूने लगते है। ऐसे में आप स्मार्ट प्लग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्लग की मदद से आप अलग-अलग टाइमर सेट कर सकते हैं। इससे एसी पूरी रात नहीं चलेगा, बल्कि अपने फिक्स टाइम पर ऑन ऑफ होगा।

### सोलर पैनल लगाएं

एसी के बिजली बिल को कम करने के लिए आप सोलर पैनल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये वन टाइम इनवेस्टमेंट है। एक बार इसे लगाने पर आप 20 से 25 सालों तक इसका फायदा उठा सकते हैं। इसकी मदद से आप घर के कई इलेक्ट्रिक उपकरणों को बिना बिजली बिल बढ़ाए यूज कर सकते हैं।

### स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर

अक्सर एयर कंडीशनर का इन-बिल्ट थर्मोस्टैट बहुत अच्छी क्वालिटी का नहीं होता। ऐसे में आप स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर लगवा सकते हैं। इससे एसी वाले कमरे का तापमान खुद कंट्रोल होगा। इसे आपको बेवजह एसी नहीं चलाना होगा और इस तरह से आप बिजली की खपत को कम कर सकते हैं।



# कर्ज की परेशानियों को दूर करने जरूर अपनाएं वास्तु के उपाय

कई लोग कड़ी मेहनत करके धन कमाते हैं लेकिन कमाया गया धन घर पर नहीं टिक पाता है और इसी के कारण लगातार कर्जों में भी बढ़ोतरी होती रहती है। ऐसे में घर के वास्तु पर विशेष ध्यान की जरूरत है। वास्तु शास्त्र में घर की दिशा और यहां पर रखने वाली चीजों की दिशा से पैसों में वृद्धि या कमी महसूस होती है। घर पर अगर वास्तु संबंधी दोषों को दूर कर दिया जाय तो घर की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार आने लगता है। इसके साथ कभी किसी कर्ज लेने की जरूरत नहीं होती है। वास्तु के ऐसे उपाय आपको जानना चाहिए, जिनको करने से कर्ज से संबंधित परेशानियों को दूर किया जा सकता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर का मुख्य दरवाजा सबसे अहम हिस्सा होता है। मुख्य दरवाजे से ही सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जाओं का प्रवेश सबसे ज्यादा होता है। घर का मुख्य द्वार ही पैसों और खुशहाली का रास्ता बनता है। अगर घर के मुख्य दरवाजे पर गंदगी और अव्यवस्था फैली है तो धन रुक जाता है। ऐसे में रोजाना घर के मुख्य द्वार पर साफ-सफाई रखें, रोजाना गंगाजल से छिड़काव करें, घर के कोने में स्वास्तिक और ओम का निशान बनाएं, साथ ही तोरण द्वार लगाएं इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश बढ़ जाता है।

वास्तु में उत्तर दिशा को धन का क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में घर के उत्तर दिशा को अव्यवस्थित न होने दें। अगर घर के उत्तर दिशा में वास्तु संबंधी दोष होता है तो वहां पर रहने वाले लोगों के जीवन में धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घर के उत्तर दिशा में तिजोरी और कुबेर यंत्र को जरूर रखें। इसके अलावा तिजोरी में लाल कपड़ा जरूर रखें। वास्तु के इस उपाय को करने से धन संबंधी दिक्कतें



फौरन ही दूर होती है।

### रसोईघर वास्तु के अनुसार रखें

रसोईघर किसी भी घर का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। घर में रसोई घर दक्षिण-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। इसके अलावा रसोई घर में गंदगी और अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। अगर रसोई घर में गंदगी होगी तो घर में आने वाले धन का फ्लो रुक जाता है।

कर्जों से बचने के लिए घर में समय-समय पर कुछ वास्तु संबंधी उपाय जरूर करना चाहिए। वास्तु के अनुसार, हर कमरे में समुद्री नमक की कटोरी जरूर रखें। साथ ही में सप्ताह में नमक का पोंछा एक बार जरूर रखें। इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर पर पैसा टिकता है।

# ज्यादा बटर खाना सेहत पर पड़ न जाए भारी



अच्छे गुणवत्ता वाले बटर का सीमित मात्रा में सेवन करना सेहत के लिए लाभप्रद माना जाता है। हड्डियों और थायरॉइड के लिए इसके कई प्रकार के लाभ हैं, पर इसका अधिक मात्रा में सेवन शरीर को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मक्खन में उच्च मात्रा में संतृप्त वसा की मात्रा होती है, जिसका अधिक सेवन रक्तचाप और हृदय से संबंधित कई तरह की समस्याओं का कारण बनती है। बहुत अधिक मक्खन खाने का सबसे हानिकारक प्रभाव वजन बढ़ाने और मोटापा का कारण बन सकता है। आइए इससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### बैड कोलेस्ट्रॉल और हार्ट की समस्या

यदि आप ज्यादा मक्खन खाते हैं तो इससे बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा बढ़ जाता है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग सात ग्राम तक संतृप्त वसा की मात्रा होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल का जोखिम रहता है। बढ़ा हुआ एलडीएल (बैड) कोलेस्ट्रॉल एथेरोस्क्लेरोसिस का कारण बनता है जिसमें धमनियों के अंदर 'प्लाक' बनना शुरू हो जाता है। इस तरह की समस्या के कारण हृदय रोगों और हार्ट अटैक का जोखिम हो सकता है।

### मोटापा का जोखिम

अध्ययनों से पता चलता है कि बहुत अधिक मक्खन खाने से आंत की चर्बी बढ़ने का जोखिम रहता है। संतृप्त वसा के अधिक सेवन के कारण पेट में अतिरिक्त आंत की चर्बी जमा हो सकती है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग 100 कैलोरी होती है, इससे मोटापा की दिक्कत का खतरा भी अधिक होता है।

## कार्नर न्यूज

## होम वर्क न करने के बहाने ढूंढता है बच्चा तो अपनाएं ये तरीके, खुद पढ़ने बैठ जाएगा

# समर वेकेशन का होमवर्क कराना सबसे बड़ी चुनौती इन तरीकों से अपने बच्चों को करें इसके लिए तैयार

अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

गर्मियों की छुट्टियों का बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह उनके लिए मौज मस्ती के दिन होते हैं। हालंकि गर्मी की छुट्टियों में स्कूल से बच्चों को होम वर्क मिलता है, ताकि वह अपनी छुट्टियों में कुछ वक्त निकालकर पढ़ाई भी करें। लेकिन बच्चों के लिए स्कूल से मिला हुआ होमवर्क किसी पनिशमेंट से कम नहीं होता। जब भी उनसे हॉलीडे होमवर्क करने को कहा जाता है, वह अक्सर बाद में करेंगे, कह कर टाल जाते हैं। अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।



### खेल-खेल में पढ़ाई को बनाएं मजेदार

बच्चों को लंबे समय तक गंभीरता से बैठकर पढ़ाई करना उबाऊ लग सकता है। ऐसे में आप होमवर्क को गेम की तरह पेश करें। जैसे, गणित को पहेलियों में बदलना, अंग्रेजी को फ्लैश कार्ड से पढ़ाना या कविता याद करने के लिए गाने की धुन का इस्तेमाल करना।

### पढ़ाई का समय तय करें

हर दिन का एक निश्चित समय पढ़ाई के लिए निर्धारित करें। यह आदत बच्चे में अनुशासन लाती है। साथ ही जब बच्चा जानता है कि उसे कब पढ़ना है और कब खेलना है, तो वह पढ़ाई से भागेगा नहीं।

### काम के बाद इनाम

बच्चे को हर छोटे टास्क के बाद कोई छोटा इनाम दें। जैसे, उनका पसंदीदा स्नैक, 15 मिनट का गेम टाइम या कोई छोटा गिफ्ट। इससे बच्चा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित होगा और इसे अचीवमेंट हासिल करने का मार्ग समझने लगेगा।



### होमवर्क को टुकड़ों में बांटें

अगर होमवर्क बहुत ज्यादा है तो उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दें। एक साथ पूरा करने के बजाय हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके पूरा करवाएं। इससे बोझ कम महसूस होगा और बच्चा डरने की बजाय उसे पूरे मन से करेगा।

हर छोटे प्रयास के लिए बच्चे की तारीफ करें। बच्चे को प्रोत्साहित करते रहे, आपकी तारीफ के शब्द बच्चे को पढ़ाई और होमवर्क पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे फीफा विश्व कप में परफॉर्म



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए। वीडियो में बीटीएस भी फेसटाइम कॉल के जरिए दिखाई दिए। बिलबोर्ड के अनुसार, फीफा विश्व कप के इतिहास में यह एक खास पल होगा, क्योंकि यह पहली बार होगा जब फाइनल मैच में सुपर बाउल की तरह हाफटाइम शो होगा।

बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो का आयोजन ग्लोबल सिटिजन और कोल्डप्ले सिंगर क्रिस मार्टिन द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड के लिए पैसा जुटाने में भी मदद करेगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर में बच्चों की शिक्षा और फुटबॉल के मौकों का समर्थन करना है। मैडोना और शकीरा दोनों पहले सुपर बाउल हाफटाइम शो में मुख्य कलाकार रह चुकी हैं। मैडोना ने 2012 के सुपर बाउल में परफॉर्म किया था, जबकि शकीरा ने 2020 के फीफा विश्वकप के दौरान जेनिफर लोपेज के साथ स्टेज शेयर किया था।

### टॉलीवुड

# फहद की नई फिल्म का निर्देशन करेंगे प्रेम कुमार, वीडियो शेयर कर दी जानकारी



पुष्पा' और 'विक्रम' जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल चुके फहद फासिल की नई फिल्म की घोषणा हो चुकी है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन सी. प्रेम कुमार करेंगे। मलयालम सिनेमा में अपने शानदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध मशहूर अभिनेता फहद फासिल निर्देशक सी. प्रेम कुमार की अगली फिल्म में नजर आएंगे। यह दोनों की साथ में पहली फिल्म है। फहद के साथ इस फिल्म में शिवदा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शिवदा को हाल ही में सूर्या की फिल्म 'कुरुप्पु' में देखा गया था।

आज फहद की इस फिल्म का एक खास वीडियो एक्स पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म की पूरी यूनिट मौजूद रही। इसमें खासतौर पर मुख्य कलाकारों के नाम बताए गए हैं और शूटिंग शुरू करने से पहले दीप जलाने की रस्म दिखाई गई है। वीडियो में फहद को दीपक जलाते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद डायरेक्टर सी. प्रेम कुमार, प्रोड्यूसर ईशरी के. गणेश और अभिनेत्री शिवदा ने भी दीपक जलाया।

वेल्स इंटरनेशनल ने अपने (ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, 'प्रोडक्शन नंबर 32।' प्रस्तुतकर्ता- डॉ. ईशरी के. गणेश, प्रोड्यूसर- वेल्स फिल्म इंटरनेशनल, मुख्य कलाकार- फहद और शिवदा, लेखक और निर्देशक- सी. प्रेम कुमार, यह फिल्म वेल्स इंटरनेशनल के बैनर तले बन रही है फिल्म का संगीत गोविंद वसंथा देंगे। फहद को आखिरी बार फिल्म 'पैट्रियट' में देखा गया था, जिसमें ममूटी और मोहनलाल भी मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म का निर्देशन महेश नारायण ने किया था। फिल्म में कुंचाको बोबन, नयनतारा, रेवती, दर्शना राजेंद्रन और राजीव मेनन भी थे। इसका संगीत सुशिन श्याम ने तैयार किया था।

### भोजपुरी

# नीलम के साथ चांद के पार पहुंचे पवन, रोमांटिक अंदाज में आए नज



अभिनेता पवन सिंह और नीलम गिरी ने कई हिट गाने दिए हैं। दोनों के बीच जबर्दस्त केमिस्ट्री देखी जाती है। पवन सिंह और नीलम एक बार फिर अपने एक गाने को लेकर सुर्खियों में हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री नीलम गिरी चांद के पार पहुंच गए हैं! दोनों एक-दूजे के रोमांस में खोए हुए हैं। उनकी सोशल मीडिया पर सामने आईं कुछ तस्वीरों को देखकर तो ऐसा ही लग रहा है। पवन सिंह और नीलम काफी रोमांटिक लुक में हैं। यह फोटोज खुद पावर स्टार ने शेयर किए हैं।

पवन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वे नीलम गिरी के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि दोनों चांद के पार पहुंच गए हैं। फोटोज के साथ पवन सिंह ने बेहद मारक कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'गाना नहीं....फीलिंग्स ड्रॉप होने वाली हैं'। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में टी-सीरीज भी लिखा है। इससे साफ है कि तस्वीरें उनके नए गाने से जुड़ी हैं। पवन सिंह और नीलम गिरी का नया गाना आने वाला है। यह लुक भी उसी से जुड़ा है। नेटिजंस पवन सिंह के इस पोस्ट पर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। फैंस लिख रहे हैं, 'किंग वापस आ गया है'। वहीं, कुछ लिख रहे हैं, 'भोजपुरी का पावर स्टार'। इसके अलावा नेटिजंस फायर इमोजी और हार्ट इमोजी भी बना रहे हैं। नीलम गिरी भोजपुरी इंडस्ट्री का चर्चित नाम हैं। हालांकि, उन्हें स्थापित करने में पवन सिंह का ही बड़ा हाथ रहा है।

## प्रबल के रंग



लाइफ स्टाइल

पिछले हफ़्ते अपने न्यूयॉर्क फ़ैशन वीक शो के दौरान मशहूर डिजाइनर प्रबल गुरुंग ने रनवे पर रंगों की एक शानदार छटा बिखेर दी। यहां दर्शकों को पुराने ज़माने के ग्लैमर और शानदार भव्यता का एक खुशनुमा अनुभव मिला। यह अनुभव आँखों को भाने वाले पेस्टल रंगों, चमकीले नियॉन रंगों और ढेर सारी रफल्स (कपड़े की झालरों) के रूप में सामने आया।

# चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ा देगा चावल

यदि आप भी कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहते हैं तो इसमें सिर्फ चावल आपकी मदद कर सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। अपने चेहरे को चमकाने के लिए लोग न जानें कितने स्किन केयर ट्रीटमेंट ट्राई करते हैं। हर तरह की स्किन के लिए अलग अलग तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में मिलते हैं। जिनके इस्तेमाल से चेहरा एकदम खिल जाता है। बावजूद उन चीजों के बहुत से लोगों के चेहरे पर कुछ खास असर नहीं दिखता।

इसी के चलते हम आपको एक ऐसी सस्ती चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ चावल की जरूरत पड़ेगी। चावल के इस्तेमाल से आप अपनी स्किन को ग्लॉस स्किन बना सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व चेहरे की डीप क्लींजिग करके उसे एकदम चमका देते हैं। तो आइए आपको भी बिना देर किए हुए चावल का इस्तेमाल करना बताते हैं, ताकि आपका चेहरा एकदम खिल उठे।

### कैसे करें इस्तेमाल ?



इस नुस्खे को आजमाने के लिए आपको सिर्फ चावल और पानी की जरूरत पड़ेगी। तो सबसे पहले अच्छी क्वालिटी के चावलों को एक कटोरी में निकाल लें। अब इस कटोरी में पानी डालकर इसे रात भर के लिए ढक के रख दें। रातभर इसे ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चावल अच्छी तरह से फूल जाए। अगले दिन जब चावल फूल जाए तो इसे छान लें। चावलों को छानने के बाद इसी बारीक पीस लें। जब ये अच्छी तरह से पिस जाए तो इसे एक कांच के जार में स्टोर करके रख लें। ध्यान रखें कि ये चावल एकदम महीन होना चाहिए, वरना चेहरा छिल जाएगा।

### अप्लाई करने का तरीका

अब पिसे हुए इन चावलों को आपको अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। इसके लिए सबसे पहले तो किसी अच्छे क्लींजर की मदद से अपने चेहरे को साफ कर लें।

गंदे चेहरे पर यदि आप इसे अप्लाई करेंगे तो इसका ज्यादा फर्फ देखने को नहीं मिलेगा। ऐसे में चेहरे को साफ करने के बाद इन पिसे हुए चावलों को हर रोज रात में सोने से पहले चेहरे पर लगा लें। आधे घंटे के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**ये है फायदा:** यदि आप नियमित रूप से चावलों को चेहरे पर इस्तेमाल करेंगे तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे अपने-आप ही



# इस तपिश भरे मौसम में प्रिंट वाले कपड़े खूब जमेंगे आप पर



गर्मियों का मौसम आते ही लोग इस सोच में पड़ जाते हैं कि वो कैसे कपड़े पहनें, जिसे पहनकर उनका लुक भी स्टाइलिश लगे और गर्मी भी न लगे। ऐसे में इस मौसम में ज्यादातर सभी को कॉटन, लिनेन और शिफॉन फैब्रिक के कपड़े पहनना पसंद आता है। पर, इन फैब्रिक में ज्यादा स्टाइलिश कपड़े ढूंढ पाना एक कठिन काम होता है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे प्रिंट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप गर्मी के मौसम में कैरी कर सकते हैं। ये प्रिंट्स गर्मियों के हिसाब से हल्के कपड़ों पर ही डिजाइन किए जाते हैं। तो यदि अब आप शॉपिंग करने जा रहे हैं, तो फटाफट से इन प्रिंट्स को भी खरीदकर रख लें।

### फ्लोरल प्रिंट

गर्मी का मौसम ऐसे कपड़े पहनने का होता है, जो देखने में आंखों को भी राहत पहुंचाएं। ऐसे में फ्लोरल प्रिंट से बेहतर आपके लिए कुछ हो ही नहीं सकता। ज्यादातर फ्लोरल प्रिंट के कपड़े काफी हल्के रंगों में ही होते हैं, जो देखने में काफी प्यारे लगते हैं। इस मौसम में फ्लोरल कुर्तियां, मैक्सी ड्रेस या स्कर्ट्स बहुत अच्छे लगते हैं। लड़के भी फ्लोरल शर्ट कैरी कर सकते हैं।

### टाई एंड डाई प्रिंट

ये प्रिंट ज्यादातर शिफॉन फैब्रिक के कपड़ों पर ही होता है। इसलिए आप इसे गर्मी के मौसम में भी कैरी कर सकते हैं। शिफॉन के साथ-साथ कॉटन और लिनेन फैब्रिक के कपड़े पर भी ये प्रिंट काफी कमाल का लगता है। महिलाएं इस फैब्रिक की साड़ी काफी मन से पहनती हैं, वहीं लड़कों पर इस प्रिंट के कुर्ते खूब जचते हैं।

### ब्लॉक प्रिंट्स

आजकल ब्लॉक प्रिंट्स के सूट और कुर्ते काफी कमाल के लगते हैं। ब्लॉक प्रिंट्स ज्यादातर काफी हल्के फैब्रिक जैसे कि कॉटन और लिनेन पर किया जाता है, जिस वजह से ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

# धूप से चेहरा हो गया है लाल तो ऐसे पाएं राहत, ये नुस्खे आएंगे काम

मई के महीने में जब पारा 40 के पार जा रहा है, तो सेहत के साथ-साथ त्वचा का ध्यान रखना भी जरूरी हो जाता है। इस मौसम में टैनिंग के साथ-साथ कई बार धूप की वजह से चेहरा एकदम लाल हो जाता है, जिसपर खुजली के साथ-साथ जलन भी मचती है।

यदि चेहरे इस लालिमा का इलाज सही समय पर न किया जाए तो दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर के पास तक जाना पड़ता है। इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप चेहरे की जलन से राहत पा सकते हैं।

### कच्चा दूध आएगा काम

यदि आपका चेहरा धूप की वजह से काफी लाल हो गया है तो कच्चा दूध आपको इस परेशानी से राहत दिलाएगा। इसके लिए सबसे पहले तो कच्चा दूध एक कटोरी में ले लें। अब इसे रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें। कच्चा दूध आपके चेहरे को गर्मी से राहत दिलाएगा, साथ ही में इसकी मदद से टैनिंग से भी छुटकारा मिलेगा।



### खीरा का रस कर सकते हैं इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में बाजार में खीरे बेहद कम दाम में मिलते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी आप चेहरे पर हुई रेडनेस से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकालना है। अब इस रस को रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। इसे आप टोनर की तरह स्प्रे भी कर सकते हैं। प्रतिदिन इसका इस्तेमाल करें और अपनी परेशानी से राहत पाएं। अगर आपके फ्रिज में दही रखा है तो उसके इस्तेमाल से भी आपके चेहरे को राहत मिलेगी। इसके लिए फ्रिज से दही निकालकर उसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। दस मिनट इसे ऐसे ही रहने दें ।


# सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग

महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

### दो रंग की चूड़ियों को मिक्स -मैच करें

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

**टिप्स:** हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।



### हरे रंग की चूड़ियों को इस तरह करें सेट

हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

**टिप्स_** कांच की चूड़ियों के साथ लाख के कड़े को भी आप सेट कर सकती हैं। अगर आपको मोती वर्क पसंद है तो बाजार से मोती वर्क वाले कड़े खरीद लें और हरे रंग की चूड़ियों के साथ पहनें। आप कुंदन वर्क वाले कड़ों या फिर चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

## इस मौसम में शॉपिंग करें लेकिन रखें खुद का खयाल

# गर्मियों के लिए शॉपिंग करने जा रहे हैं तो इन बातों का ध्यान रखें

मई का महीना है और गर्मी की वजह से लोगों की हालत खराब है। कई जगहों पर पारा 42 डिग्री तक पार कर गया है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों ने दिन के समय घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। डॉक्टर्स इस मौसम में हमेशा हल्के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं।

यदि आप भी समर शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। क्योंकि यदि आप गलत कपड़े पहनकर इस भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलेंगे तो इससे स्किन संबंधी परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में अपने लिए कुछ बातों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें, ताकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट दिखे और आपको कोई परेशानी भी न हो।

### सही फैब्रिक हो

यदि आप शॉपिंग करने जा रहे हैं तो ये बात ध्यान रखें कि इस मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े ही कैरी करने चाहिए। इनमें कॉटन, लिनन, खादी जैसे फैब्रिक शामिल हैं। ये पसीना जल्दी सोखते हैं और



शरीर को ठंडा रखते हैं। इस दौरान नायलॉन, पॉलिएस्टर जैसे कपड़े तो कतई न खरीदें। ये पसीना नहीं सोखते हैं, जिस कारण स्किन पर घमौरियां होने लगती हैं।

### सही हो रंग

गर्मी के मौसम में हल्के रंगों का ही चयन करें, क्योंकि ये रंग ठंडक का एहसास कराते हैं। खासतौर पर सफेद, बेबी पिंक, पेस्टल ब्लू, लाइट येलो जैसे रंग गर्मी के मौसम में सबसे परफेक्ट माने जाते हैं। जो डार्क रंग होते हैं, उन्हें पहनकर गर्मी ज्यादा लगती है, इसलिए इनसे दूर रहें।

### सही फिटिंग हो जरूरी

इस मौसम में गलती से भी ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। कपड़े पहनते समय इसकी फिटिंग चेक करें, कि कहीं ये टाइट तो नहीं है। इस मौसम में हमेशा लूज और फ्लोई आउटफिट्स में आराम मिलता है। ये त्वचा को सांस लेने का मौका प्रदान करते हैं।

### फुल हो स्लीव

आप कितना भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लें, लेकिन धूप की हानिकारक किरणें त्वचा को डैमेज कर ही देती हैं। इसलिए कोशिश करें कि जो भी कपड़े खरीदें, वो फुल स्लीव के ही हों।

### ऐसे होने चाहिए फुटवियर

गर्मियों के मौसम में जूते पहनने से बचें। इस सीजन में सैंडल, स्लिपर्स, क्रॉक्स जैसे ओपन फुटवियर पहनना बेहतर होता है। जो फुटवियर खुले होते हैं, उनकी वजह से पैरों को हवा मिलती रहती है।

